शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 154 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 28 जून 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## अगले सौ दिनों तक देश भर में चलेगा 'नशा मुक्त भारत अभियान'

**नई दिल्ली**

**सामाजिक न्याय** एवं अधिकारिता विभाग नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ समाज में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से अगले 100 दिनों तक देश भर के सभी जिलों में नशा मुक्त भारत अभियान चलाएगा। इस दौरान एक करोड़ लोगों को जागरुक करने का लक्ष्य रखा गया है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर बुधवार देर शाम आयोजित एक कार्यक्रम में केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने नशा मुक्त अभियान से जुड़ने के लिए सभी गैर-सरकारी और धार्मिक व आध्यात्मिक संगठनों की सराहना की। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एक करोड़ लोगों को जागरुक करेगा और समाज के सामूहिक प्रयासों से नशा मुक्त भारत अभियान को देश के सभी जिलों में ले जाएगा। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि नशे की लत को खत्म करने की चुनौती से निपटने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर इस सामाजिक उद्देश्य के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर अब तक की गई विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक लोगों को मादक पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया है, जिनमें 3.50 करोड़ से अधिक युवा और 2.32 करोड़ से अधिक महिलाएं शामिल हैं।

## राज्यपाल के लिए ममता ने किया आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल

**कोलकाता**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को राज्यपाल के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया है। उन्होंने गवर्नर डॉक्टर सी.वी. आनंद बोस को दुष्ट कहा है और यह भी दावा किया है कि महिलाएं राजभवन जाने से डरती हैं। उन्होंने राज्य सरकार के सचिवालय नवान्न से सवाल उठाया कि उनकी पार्टी के विधायकों को शपथ ग्रहण के लिए राजभवन क्यों जाना होगा? खासकर तब जब "राजभवन में लड़कियां वहां जाने से डरती हो!" पश्चिम बंगाल की दो विधानसभा सीटों बराहनगर और बामनगोला में हुए उपचुनाव में तृणमूल के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है।

# आपातकाल संविधान पर हमले का सीधा सबूत: मुर्मु

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का यह तीसरी एनडीए सरकार के गठन के बाद उनका पहला राष्ट्रपति अभिभाषण है

### राष्ट्रपति ने नॉर्थ ईस्ट से लेकर अर्थव्यवस्था और रोजगार से लेकर पेपरलीक तक के मुद्दे को भाषण में उठाया

**नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मु ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का यह तीसरी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के गठन के बाद उनका पहला राष्ट्रपति अभिभाषण है। संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि मैं 18वीं लोकसभा के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देती हूं। आप सभी देश के मतदाताओं का विश्वास जीतकर यहां आए हैं। देश और जनता की सेवा करने का अवसर बहुत कम लोगों को मिलता है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे। राष्ट्रपति ने नॉर्थ ईस्ट से लेकर अर्थव्यवस्था और रोजगार से लेकर पेपरलीक तक के मुद्दे को अपने भाषण में उठाया। उन्होंने कहा कि पेपरलीक पर हमारी सरकार निष्पक्ष जांच के लिए प्रतिबद्ध है और हमारी सरकार नया कानून लाई है। आइए जानते हैं राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में क्या-क्या कहा है-

**'सीएए के तहत मेरी सरकार दे रही नागरिकता'**



### जलवायु परिवर्तन से लेकर हवाई यात्रा पर बोलीं राष्ट्रपति

**राष्ट्रपति ने** अपने संबोधन में जलवायु परिवर्तन का भी जिक्र किया। राष्ट्रपति ने कहा, 'आने वाला समय ग्रीन एरा यानि हरित युग का है। सरकार इसके लिए भी हर जरूरी कदम उठा रही है। हम हरित उद्योगों पर निवेश बढ़ा रहे हैं, जिससे ग्रीन जॉब भी बढ़े हैं। सरकार ग्रीन एनर्जी और ग्रीन मोबिलिटी पर बड़े लक्ष्यों के साथ काम कर रही है। प्रदूषण



और साफ सुथरे शहरों पर पिछले 10 साल से काम किया जा रहा है।

**नेशनल हाइवे दोगुनी रफ्तार से बढ़ रहे हैं- राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति ने हवाई यात्रा पर बोलते हुए कहा कि अप्रैल 2014 में भारत में 209 एयरलाइन रूट्स थे। अप्रैल 2024 में ये बढ़कर 605 हो गए हैं। टियर टू और टियर थ्री शहरों को फायदा हो रहा है। नेशनल हाइवे दोगुनी रफ्तार से बढ़ रहे हैं। उत्तर पूर्वी दक्षिणी भारत के बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए फिजिबिलिटी पर काम किया जा रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि मेरी सरकार ने सीएए कानून के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू कर दिया है। पीड़ित अनेक परिवारों के लिए सम्मान का जीवन जीना तय हुआ है, जिन परिवारों को सीएए के तहत नागरिकता मिली है मैं उनके बेहतर भविष्य की कामना करती हूं।

**ग्रोथ हमारी सरकार की गारंटी...**


साल 2021 से लेकर साल 2024 तक भारत ने औसतन आठ प्रतिशत की रफ्तार के हिसाब से विकास किया है। यह ग्रोथ सामान्य स्थितियों में नहीं हुई है। इस दौरान दुनिया ने बड़ी आपदा देखी है। भारत दुनिया के ग्रोथ में अकेले 15 प्रतिशत का योगदान दे रहा है।

**राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में**

**किया आपातकाल का जिक्र**

राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण के दौरान आपातकाल का भी मुद्दा उठाया। राष्ट्रपति ने आपातकाल के उस दंश का जिक्र किया, जिसे 1975 में पूरे देश ने झेला। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि आज 27 जून है। 25 जून 1975 को लागू हुआ आपातकाल संविधान पर बड़े और सीधे हमले का काला अध्याय था। उस दौरान पूरे देश में हाहाकार मच गया था। लेकिन ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने जीत हासिल कर-के दिखाई। क्योंकि भारत के मूल्य में गणतंत्र की परंपराएं रही हैं। राष्ट्रपति के ऐसा बोलते ही पीएम मोदी ने मेज थपथपाकर उनकी इस बात का समर्थन किया।

### पेपर लीक ना हो इसके लिए सरकार कर रही सख्त उपाय



**सभी** महत्वपूर्ण मुद्दों को राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने अभिभाषण में सम्मिलित किया। वहीं, राष्ट्रपति ने अपने भाषण के दौरान पेपर लीक को लेकर सरकार द्वारा लाए गए कानून का भी जिक्र किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि भविष्य में कोई पेपर लीक ना हो इसके लिए, सरकार सख्त उपाय कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि इसे लेकर पिछले दिनों कानून भी आ चुका है। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में आगे कहा कि सरकार का प्रयास है कि देश के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित अवसर मिले। राष्ट्रपति के इतना कहने पर विपक्ष एक बार फिर सदन के अंदर शोर मचाना शुरू कर दिया।

**केंद्रीय बजट पर क्या बोलीं द्रौपदी मुर्मु?**

बजट का जिक्र करते हुए स्पीच के दौरान राष्ट्रपति बोलीं, "आने वाले सत्र में सरकार इस कार्यकाल में पहला बजट लेकर आएगी। यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का प्रभावशाली दस्तावेज होगा। बजट में बड़े आर्थिक और सामाजिक फैसलों के साथ कई ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे।" उन्होंने यह भी दावा किया कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संकल्प ने भारत को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाया है।

**'देश के किसानों के पास पूरी क्षमता'**

किसानों को लेकर राष्ट्रपति ने कहा, 'पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 3 लाख 20 हजार करोड़ रुपए दिए। नए साल के कार्यकाल के शुरुआत में ही किसानों को 20 हजार करोड़ से अधिक की राशि ट्रांसफर की जा चुकी है। खरीफ फसलों के एमएसपी पर रिकॉर्ड बढ़ोतरी की है। ऑर्गेनिक उत्पादों की डिमांड को देखते हुए सप्लाई चेन को सशक्त किया जा रहा है।



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने अपने दो उपमुख्यमंत्रियों कनक वर्धन सिंह देव और प्रवती परिदा के साथ गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा, "आज हमें नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में ओडिशा की भूमि की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।"

## संसद में सेंगोल विवाद: सपा भारतीय संस्कृति का कर रही अनादर: भाजपा

**नई दिल्ली**

संसद में सेंगोल को लेकर विवाद छिड़ गया है। समाजवादी पार्टी के सांसद आर के चौधरी ने गुरुवार को संसद भवन में सेंगोल को हटा कर संविधान की प्रति रखने की मांग की। इस पर भारतीय जनता पार्टी ने सपा पर पलटवार करते हुए उस पर भारतीय संस्कृति का अनादर करने का आरोप लगाया। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि समाजवादी पार्टी के सांसद कहते हैं कि सेंगोल



राजशाही का प्रतीक है, इसलिए इसे संसद से हटा दिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जो पार्टी भाई-भतीजावाद का प्रतीक है वो एक बार फिर भारतीय संस्कृति के ऐसे अभिन्न अंग तमिल संस्कृति का अपमान करने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि अगर यह राजशाही का प्रतीक था तो देश के पहले प्रधानमंत्री नेहरू ने इसे स्वीकार क्यों किया? क्या वह उस प्रतीक और राजशाही को स्वीकार कर रहे थे?

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को समाजवादी पार्टी के सांसद आरके चौधरी ने संसद से सेंगोल को हटाने की मांग करते हुए कहा कि सेंगोल के स्थान पर संविधान की प्रति स्थापित करनी चाहिए क्योंकि, संविधान लोकतंत्र का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सेंगोल का अर्थ है राजदंड यानी राजा का डंडा। देश संविधान से चलता है, राजा के डंडे से नहीं।

## मोबाइल पर बात करना महंगा होगा, टैरिफ दरें बढ़ाने की तैयारी में टेलीकॉम कंपनियां




### दिसंबर, 2021 के बाद पहली बार होगी हेडलाइन टैरिफ में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली**

दिसंबर 2021 के बाद एक बार फिर देश में टेलीकॉम कंपनियों ने हेडलाइन टैरिफ में बढ़ोतरी करने की तैयारी कर ली है। विभिन्न टेलीकॉम कंपनियां जुलाई के महीने में ही टैरिफ में 15 से 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर सकती हैं। ऐसा होने से मोबाइल फोन पर बात करना और महंगा हो जाएगा। माना जा रहा है कि स्पेक्ट्रम की नीलामी खत्म होने के बाद टेलीकॉम कंपनियों ने टैरिफ दरों में बढ़ोतरी करने की तैयारी कर ली है। इसके पहले दिसंबर, 2021 में टेलीकॉम कंपनियों ने हेडलाइन टैरिफ दरों में बढ़ोतरी की थी। इसके बाद से अभी तक हेडलाइन टैरिफ में कोई बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि, बेस पैक प्लान में टेलीकॉम कंपनियां अपने हिसाब से बढ़ोतरी करती रही हैं। जानकारों के मुताबिक जुलाई के पहले हफ्ते में ही टेलीकॉम कंपनियां हेडलाइन टैरिफ में 15 से 20 प्रतिशत तक का इजाफा कर सकती हैं। ये इजाफा प्रीपेड और पोस्टपेड दोनों में किया जा सकता है। टेलीकॉम कंपनियों ने स्पेक्ट्रम की नीलामी में 11,340 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, ऐसे में कंपनियों के सामने अपने 5जी प्लान को मोनेटाइज करना जरूरी हो गया है। मोबाइल टैरिफ में बढ़ोतरी होने की संभावना के कारण ही आज स्टॉक मार्केट में भी टेलीकॉम कंपनियों की चाल में तेजी नजर आई। भारती एयरटेल का शेयर आज 16.30 रुपये यानी 1.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,475.80 रुपये के स्तर पर बंद हुआ।

## अमरनाथ तीर्थयात्रियों का पहला जत्था आज होगा रवाना

**जम्मू**

**अमरनाथ यात्रा** के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को जम्मू के भगवती नगर से कश्मीर के लिए रवाना होगा, जबकि घाटी से इस साल की यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। यात्री पहले ही जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास पर पहुंचना शुरू हो चुके हैं, जहां से वह उत्तर कश्मीर के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग बेस कैंप के लिए सुरक्षा गाड़ियों में रवाना होंगे।



अधिकारियों ने कहा कि यात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार सुबह 4 बजे भगवती नगर यात्री निवास से सुरक्षा गाड़ियों के साथ घाटी के लिए रवाना होगा। लगभग 300 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की सुरक्षा के लिए सैकड़ों सेन्ट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) जवानों को ड्यूटी पर तैनात किया गया है। सीएपीएफ की और टीमें 85 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-बालटाल बेस कैंप रोड और काजीगुंड-पहलगाम बेस कैंप रोड की सुरक्षा कर रही हैं। श्रीनगर-बालटाल मार्ग पर गांदरबल जिले के मणिगाम में और काजीगुंड-पहलगाम मार्ग पर मीर बाजार में यात्रा ट्रांजिट कैंप स्थापित किए हैं। इस साल की अमरनाथ यात्रा के लिए अब तक कुल 3.50 लाख यात्रियों ने पंजीकरण कराया है और गुफा के दोनों मार्गों पर 125 लंगर (सामुदायिक रसोई) स्थापित किए गए हैं।

## नीट पेपर लीक: सीबीआई ने मनीष और आशुतोष को किया गिरफ्तार

**पटना**

**नीट** पेपर लीक मामले में सीबीआई ने पहली गिरफ्तारी की है। सीबीआई ने कार्रवाई करते हुए पटना से नीट पेपर लीक मामले के आरोपी मनीष प्रकाश और आशुतोष को गिरफ्तार किया है। फिलहाल सीबीआई उन दोनों से पूछताछ कर रही है। नीट-यूजी में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के सिलसिले में दिल्ली से सीबीआई की एक टीम सोमवार की सुबह पटना में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंची। बिहार पुलिस के जरिए शुरू हुए नीट परीक्षा के पेपर लीक जांच को बिहार की आर्थिक अपराध इकाई के बाद अब केंद्रीय जांच ब्यूरो के पास सौंप दिया गया। बिहार की जांच टीम ने सभी सबूत शिक्षा मंत्रालय को सौंप दिए। शिक्षा मंत्रालय ने सीबीआई को इस मामले की जांच करने की जिम्मेदारी दी है।

## नए आपराधिक कानूनों में जीरो एफआईआर समेत होंगे कई अहम प्रावधान

### जीरो एफआईआर, आनलाइन पुलिस शिकायत, इलेक्ट्रानिक माध्यमों से समन भेजना और घृणित अपराधों में क्राइम सीन की वीडियोग्राफी अनिवार्य हो जाएगी

**नई दिल्ली**

**आगामी** एक जुलाई से लागू हो रहे तीन अहम कानून भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम है। इन तीनों कानूनों के तहत जीरो एफआईआर, आनलाइन पुलिस शिकायत, इलेक्ट्रानिक माध्यमों से समन भेजना और घृणित अपराधों में क्राइम सीन की वीडियोग्राफी अनिवार्य हो जाएगी।

**नए कानूनों के बारे में जागरूकता**

अगले हफ्ते से लागू होने वाले तीनों नए आपराधिक कानूनों के लिए बुनियादी स्तर पर 40 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। इसमें 5.65 लाख पुलिस कर्मी, जेल अधिकारी भी शामिल हैं। इन सभी को इन नए कानूनों के बारे में सबको जागरूक करने के लिए भी प्रशिक्षित किया गया है।

**न्याय प्रणाली को सहज और सुलभ बनाना**

नए कानूनों में जांच और न्यायिक प्रक्रिया में तकनीकी दखल बढ़ने से नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तकनीकी सहायता देने की व्यवस्था की गई है। अब देश के हरेक पुलिस स्टेशन में क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) एप्लिकेशन के तहत



सभी केस दर्ज होंगे।

**तीन नए आपराधिक कानून में 10 अहम प्रविधान**

- एक व्यक्ति ससरीर पुलिस स्टेशन में उपस्थित हुए बगैर भी इलेक्ट्रानिक माध्यमों से घटना की रिपोर्ट कर सकता है। इससे पुलिस को भी त्वरित कार्रवाई में मदद मिलेगी।

-नए कानून में जीरो एफआईआर की शुरुआत की गई है। पीड़ित किसी भी थाना क्षेत्र में अपनी एफआईआर दर्ज करा सकता है। पीड़ित को एफआईआर की निशुल्क कॉपी भी मिलेगी।

-सशक्त जांच के लिए गंभीर आपराधिक मामलों में सबूत जुटाने के लिए क्राइम सीन पर फॉरेंसिक विशेषज्ञों का जाना अनिवार्य। सबूत एकत्र करने की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी अनिवार्य होगी।

-महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध में जांच एजेंसियों को दो महीने के अंदर जांच पूरी करनी होगी। 90 दिनों के अंदर पीड़ितों को केस में प्रगति की नियमित अपडेट देनी होगी।

-अपराध के शिकार महिला और बच्चों को सभी अस्पतालों में फ़र्स्ट एड या इलाज निशुल्क मिलने की गारंटी होगी। चुनौती भरी परिस्थितियों में भी पीड़ित जल्द ठीक हो सकेंगे।

-गवाहों की सुरक्षा व सहयोग के लिए सभी राज्य सरकारें विटनेस प्रोटेक्शन प्रोग्राम लागू करेंगी। दुष्कर्म पीड़िताओं को आडियो-वीडियो माध्यम से पुलिस के समक्ष बयान दर्ज करने की छूट मिलेगी।

- नए कानून में मामूली अपराधों के लिए दंडस्वरूप सामुदायिक सेवा की विधा शुरू। समाज के लिए सकारात्मक योगदान देकर दोषी अपनी गलतियों को सुधारने का काम करेगा।

-सुनवाई में देरी से बचने और न्याय की त्वरित बहाली के लिए कोई अदालत किसी मामले को अधिकतम दो बार ही स्थगित कर सकेगी। सभी कानूनी कार्यवाही इलेक्ट्रानिक माध्यमों से हो सकेगी।

-पीड़ित महिला की अदालती सुनवाई महिला मजिस्ट्रेट ही करेगी। अन्यथा संवेदनशील मामले में किसी महिला की उपस्थिति में पुरुष मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज होगा।

-15 साल से कम आयु, साठ साल से अधिक और दिव्यांगों व गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को पुलिस स्टेशन में पेश होने से छूट होगी। उन्हें पुलिस की मदद अपने निवास स्थान पर ही मिलेगी।

# उ.म. रेलवे मुख्यालय में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** महाप्रबंधक ने किया मुख्यालय की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका ह्यरेल संगम' के भंडार विभाग विशेषांक का विमोचन उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक श्री रविन्द्र गोयल की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शामिल अधिकारियों को संबोधितकरते हुए महाप्रबंधक श्री रविन्द्र गोयल ने कहा कि संघ की राजभाषा नीति को लागू करना हम सबका संवैधानिक कर्तव्य और कानूनी दायित्व है और हम इसके प्रति पूरी तरह प्रतिबद्धहैं। हिंदी का प्रयोग-प्रसार प्रेरणा और प्रोत्साहन की नीति द्वारा किया जाना अपेक्षित है, साथ ही सरकार और रेलवेबोर्ड के आदेशों और दिशानिर्देशों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।इस उद्देश्य हेतु हमें सरल, सहज और सुबोध हिंदी का प्रयोग करना चाहिए। श्री गोयल ने राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के शत-प्रतिशत अनुपालन पर विशेष रूप से बल देते हुए उपस्थित अधिकारियो कोनिर्देश दिए कि इसके अंतर्गत सभी कागजात एवं प्रलेख हिंदीअंग्रेजी द्विभाषी रूप में जारी किए जाएँ, साथ ही सभी प्रकार के पत्राचार में हासिल प्रगति को बनाए रखा जाए और लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयासकिया जाए। महाप्रबंधक ने कहा सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कंप्यूटर परहिंदी में काम करने में दक्ष होना चाहिए तथा वेबसाइट पर सभी सूचनाएं हिंदी-अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध कराने के साथ-साथ सूचनाओं को दोनों भाषाओं में एक साथ अपडेट कराया जाए। रेल परिचालन से संबंधित सामान्य एवं सहायकनियम आदि के करेक्शन स्लिप और विभिन्न विभागों के परिपत्र हिंदी-अंग्रेजी दोनोंभाषाओं में जारी किए जाएँ। श्री गोयल ने मंडलों के अधिकारियों को निर्देश दिया किस्टेशनों पर यात्री एवं ग्राहक सेवा और सुविधाओं से संबंधित सूचनाओं तथा अन्यसभी मदों, विशेष रूप से सभी इलेक्ट्रानिक डिस्प्ले सूचनाओं,कोच गाइडेंस सिस्टम आदि में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं काअनिवार्य रूप से प्रयोग किया जाए तथा इन्हें किसी भी स्थिति में केवल अंग्रेजीमें न प्रदर्शित किया जाए। स्टेशनों पर प्रदर्शित सूचनाओं में पाई जाने वालीवर्तनी आदि की अशुद्धियों को तत्परता के साथ ठीक कराया जाए। महाप्रबंधक श्री गोयलने हाल ही में भुसावल में रेलवे बोर्ड स्तर परआयोजित अखिल रेल हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता तथा हिंदी निबंध प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त करने वाले उत्तरमध्य रेलवे के कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि हमारे कर्मचारियों ने इनउपलब्धियों को अर्जित कर अपनी गौरवशाली परंपरा को बनाए रखा है। बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक श्री रविन्द्र गोयल ने मुख्यालय की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका ह्यरेल संगम' के भंडार विभाग विशेषांक का विमोचन किया। बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी एवंप्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री सतेन्द्र कुमार ने समिति के अध्यक्ष महाप्रबंधक श्री रविन्द्र गोयल एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया और राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के लिए किए गए कार्यों और हासिल की गई उपलब्धियों सेअवगत कराया। सतेन्द्र कुमार ने बताया कि गत दिनों क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र,मध्य रेल, भुसावल में आयोजित अखिल रेल टिप्पण एवं प्रारूपलेखन प्रतियोगिता तथा निबंध प्रतियोगिता में उत्तर मध्य रेलवे के दो कर्मचारियों को पुरस्कार प्राप्त हुआ है। पिछली बैठक के बाद से कई हिंदी कार्यशालाएं आयोजित की गईं तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी मेंकरने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साहित्यकारोंऔर महापुरुषों की जयंती के अवसर पर कई साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रख्यात विद्वान एवं साहित्यकार पंडित राहुल सांकृत्यायन और हिंदी भाषा एवंसाहित्य के युग निमार्ता आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की जयंती के उपलक्ष्य मेंक्रमशः मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, झाँसी में तथा वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन पर साहित्यि कसंगोष्ठी आयोजित की गई। आगरा मंडल कार्यालय में वाणिज्य विभाग में किए जा रहे कार्यों की राजभाषा प्रदर्शनी लगाई गई। मुख्यालय कीत्रैमासिक राजभाषा पत्रिका 'रेल संगम' के नए अंक भंडार विभाग विशेषांक का प्रकाशन किया गया है। बैठक में सभी प्रधान विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थितथे। मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक, कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक एवं अन्य सदस्य अधिकारियों ने बैठक में ऑनलाइन सहभागिता की। सभी अधिकारियों ने अपने-अपनेकार्यालयों में हो रही राजभाषा प्रगति से महाप्रबंधक को अवगत कराया। बैठक का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी श्री चन्द्र भूषण पाण्डेय द्वारा किया गया। उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/मुख्यालय श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# केंद्रीय चिकित्सालय में नशीली दवाओं के दुरुपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ नशा निषेध दिवस का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. एस. पी. शर्मा ने की जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता**

**प्रयागराज।** केंद्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर सेमीनार एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. एस. पी. शर्मा ने जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता की। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस 2024 का विषय है ₹साक्ष्य स्पष्ट है: रोकथाम में निवेश करें₹। जागरूकता बढ़ाएँ: नशीली दवाओं के दुरुपयोग के नुकसान को कम करने वाली रोकथाम रणनीतियों की प्रभावशीलता और लागत-प्रभावशीलता की समझ विकसित करें। डॉ. कल्पना मिश्रा अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/ प्रशासन ने कहा कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग वैश्विक स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के लिए एक बड़ा खतरा बना हुआ है और रोकथाम और उपचार को प्राथमिकता देने और सहयोग करने के माध्यम से, हम नशीली दवाओं के दुरुपयोग से लड़ सकते हैं और लोगों को खुशहाल, स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकते हैं। डॉ. रोहित कुमार ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के साथ विषय पर विस्तार से बात की। उन्होंने जोर दिया कि सामूहिक कार्रवाई और साक्ष्य-आधारित समाधानों के प्रति प्रतिबद्धता से, हम एक ऐसी दुनिया बना सकते हैं जहाँ व्यक्ति स्वस्थ, पूर्ण जीवन जीने के लिए सशक्त हों। इसमें 78 लोगों ने प्रतिभागिता की।

## रसोई गैस गोदाम से लाखों का सिलेंडर चोरी अज्ञात में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** रसोई गैस गोदाम का ताला तोड कर चोरों ने लगभग दो सौ रसोई गैस सिलेंडर चोरी कर ले गए। एजेंसी संचालक ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा नगर पंचायत के मोहल्ला आजमपुर निवासी मोहम्मद सलीम पुत्र अय्यूब अंसारी का ग्राम रोझियात में गैस सिलेंडर का गोदाम है।वह मऊआइमा क्षेत्र की एक कंपनी का गैस सिलेंडर की एजेंसी चलाते हैं। बताया गया है कि ग्राम रोझियात स्थित एजेंसी के गोदाम से लगभग दो सौ भरा हुआ रसोई गैस सिलेंडर चोर चोरी कर ले गए। सुबह उक्त चोरी की जानकारी एजेंसी मालिक को हुई तो मोहम्मद सलीम ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। बताया गया है कि चोरी गए रसोई गैस सिलेंडरों की कीमत लगभग चार लाख से अधिक बताई जारही है।

# चेकिंग के दौरान एक्शन में दिखी मेजा पुलिस

## गाड़ियों में लगे ब्लैक फिल्म हटवाया कई बाइक किया चालान



**मेजा।** मेजाखास तिराहे पर गुरुवार की शाम मेजा पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया।इस दौरान वाहनों में लगे हूटर एवं ब्लैक फिल्म पर पुलिस की पैनी नजर रही। कई वाहनों का चालान भी काटा गया। वाहन चेकिंग अभियान से घंटों अफरा तफरी व हड़कंप मचा रहा।उल्लेखनीय है कि शासन के मंशानुरूप व पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा के दिशा-निर्देश पर मेजा कोतवाली पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों के हूटर व ब्लैक फिल्म हटाने की कार्रवाई की गई। गुरुवार को मेजा पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें एक वाहन में लगे ब्लैक फिल्म को पुलिस ने तुरंत हटवा दिया गया। कई बाइकों का भी चालान काटा गया और बाइक चालकों को हेलमेट लगाने व कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने की हिदायत दी गई। इस दौरान अनियमितता पाए जाने पर कई वाहनों के चालान भी काटे गए।कुछ को हिदायत देकर छोड़ दिया गया। चेकिंग अभियान के दौरान दरोगा गोविन्द सिंह, कमलेश्वर प्रसाद, अलगू प्रसाद, रामबिलाश सिंह, ओमकार सिंह, आयुषी बाजपेई तथा कुसुम लता सहित पूरी पुलिस टीम बोलन तिराहे पर मौजूद रही।

## आईपीएस अभिजीत कुमार ने करछना में चलाया चेकिंग अभियान

**गाड़ियों में लगी काली फिल्म एवं निकलवाया हूटर**



**करछना।** जनपद के तेजतर्रार आईपीएस में शुमार अभिजीत कुमार(क्वद्दर2020) अपर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर साथ में करछना थाना प्रभारी मनोज कुमार, एस आई दर्शन सिंह, दीपक यादव,पवन कुमार चौधरी, कमलेश यादव महा महिम पुलिस बल के साथ थाना करछना अंतर्गत साधू कुटी चौराहा पर गुरुवार को देर शाम गाड़ियों का चेकिंग अभियान चलाया जिसमें कयी चार पहिया वाहनों का काली फिल्म व अवैध रूप से लगाएं गये हूटरों को निकलवाया गया वहीं अभियान के तहत गाड़ी चालकों द्वारा कागजात न दिखाने पर सरकार द्वारा आदेश की गाइड लाइन के तहत जुमार्ने के साथ चालान किया गया, चेकिंग अभियान के दौरान साधू कुटी चौराहा पर अफरातफरी का माहौल घंटों बना रहा चेकिंग के दौरान सड़क मार्ग पर काफी देर तक एक बार जाम की स्थिति बन गई जिसको स्थानीय प्रशासन ने जाम की स्थिति न बने मुस्तैदी से सक्रियता दिखाई।

# न्यूज झरोखा

## हार्ट अटैक से हुई थी तनय उर्फ सीपु की मौत

**लापता युवक का बरेठी सूखे तालाब में मिला था शव, पीएम रिपोर्ट में आया कार्डियक अरेस्ट**



**उतरांव।** उतरांव क्षेत्र के बरेठी ईट भट्ठे के पास सूखे तालाब में एक युवक की लाश मिली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। युवक की मौत हृदय गति रुकने से हुई थी। बड़ोखर आसेपुर थाना हडिया निवासी तनय उर्फ सीपू बिंद पुत्र श्यामलाल जो बरेठी स्थित राजेंद्र सिंह के भट्टे पर मजदूरी करता था। वह बीते रविवार को लापता हो गया था। परिजन उसकी तलाश में थे। बुधवार सुबह बरेठी के पास स्थित सूखे तालाब में उसकी लास मिली थी। पुलिस ने शव का पोस्ट माडम कराया।पीएम रिपोर्ट में कार्डियक अरेस्ट आया।पीएम रिपोर्ट के मुताबिक हृदय गति रुकने से तनय उर्फ सीपू बिंद की मौत हुई है।थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया की पीएम रिपोर्ट में हृदय गति रुकने से तनय की मौत हुई है।


## अवंतिका कालोनी के कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक सम्पन्न

**समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र होगी पहल**



**नैनी।** नैनी कालोनी की जनसमस्यायों को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक गुरुवार को अवंतिका कालोनी नैनी में सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता डॉ रईस अहमद ने किया। बैठक का संचालन करते हुए नौशाद पठान ने कहा कि कांग्रेस का जनप्रतिनिधि चुने जाने के बाद जनता के प्रति कांग्रेस संगठन एवं कार्यकताओं की जिम्मेवारी बढ़ जाती है। ऐसे में हम सब को जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जनना तथा शासन प्रशासन के माध्यम से समाधान कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसी के साथ संगम केशवानी का कहना था कि जटिल समस्याओं के बारे अपने सांसद जनप्रतिनिधि को अवगत कराके समस्याओं का निदान कराके लोगों को राहत पहुंचाना भी हम सभी का कर्तव्य है।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ रईस अहमद ने कहा कि एक अन्तराल के बाद मिली सफलता से उत्साहित कार्यकर्ता व जीत दिलाने वाली जनता की उम्मीदो पर खरा उतरना होगा। बैठक में कालोनी की समस्यायों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए उसके बारे में सम्बंधित अधिकारियों को अवगत कराके यथाशीघ्र समाधान कराने का निश्चय किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से सुनील श्रीवास्तव, मीना जायसवाल, बिन्दु राठौड़, अंजुम नाज, प्रदीप वर्मा, संगम केशवानी, आशुतोष मिश्र, रामचंद्र गौतम, लल्लन गौतम, विजय कुमार, शम्भू लाल गौतम आदि ने विचार व्यक्त किया।

## कार्यकताओं ने सांसद राहुल गांधी को नेता विपक्ष बनने पर हार्दिक बधाई दी



**नैनी।** नैनी में पार्टी कार्यकताओं की एक आवश्यक बैठक कांग्रेस पार्टी कार्यालय नैनी में संपन्न हुई। जिसमें सांसद राहुल गांधी को लोकसभा सदन में नेता विपक्ष बनने पर समस्त पार्टी कार्यकताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। तथा राहुल गांधी से उम्मीद किया गया कि आगामी सत्र में युवाओं, किसानों, मजदूरों और महिलाओं की आवाज को सदन में पुरजोर तरीके से उठाने का काम करेंगे। बैठक की अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष नयन कुमार कुशवाहा तथा संचालन महानगर कांग्रेस के महासचिव राकेश श्रीवास्तव ने किया। बैठक में महामंत्री अंजुम नाज मंडल अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, विनोद जैकब मंडल अध्यक्ष मुन्ना जाफरी, विजय कुशवाहा, सचिव वीरेंद्र शर्मा, सचिव प्रदीप वर्मा, इंदुबाला चौधरी, बुद्धि सागर यादव, काली राम आदि लोग शामिल रहे।

## मध्य रात्रि को शौच के लिए गयी किशोरी गायब मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मध्य रात्रि शौच के लिए गयी किशोरी रहस्यमय ढंग से गायब हो गई।पिता ने अज्ञात में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के छाता डीह निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि उसकी पुत्री उम्र 15 वर्ष मध्य रात्रि को शौच के लिए घर से निकली परन्तु आज तक वापस नहीं लौटी। किशोरी के पिता ने अज्ञात में अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# धूमधाम से मनाई गई शाहूजी महाराज जी की जयंती

**सहसों।** अपना दल एस के तत्वावधान में दलितों शोषितों एवं वंचितों के मसीहा एवं आरक्षण के जनक छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती का आयोजन प्रयागराज गंगापार के जिला अध्यक्ष भानुप्रताप पटेल की अध्यक्षता में सहसों स्थित रोहित गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि अपना दल एस के प्रदेश उपाध्यक्ष मा० अनिल सिंह पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि कोल्हापुर के महाराजा छत्रपति शाहूजी महाराज का पूरा जीवन दलितों, शोषितों एवं वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। शाहूजी महाराज ही मात्र एक ऐसे राजा थे कि जिन्होंने देश की आजादी से पहले ही अपने राज्य में पच्चास प्रतिशत का आरक्षण सुनिश्चित किया था। आज भी समाज को ऐसे ही महान व्यक्तियों की आवश्यकता है। साथ ही साथ पार्टी के निदेर्शानुसार आगामी 2 जुलाई को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले अपना दल के संस्थापक डॉ सोनेलाल पटेल के जन्म दिवस को जन स्वाभिमान दिवस के रूप में भव्य रूप से मनाने हेतु होने वाली तैयारी की समीक्षा भी की गई तथा उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या के साथ पहुंचने के लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव किसान मंच बी डी गौड़, श्यामराज पटेल, राम बहादुर सरोज, सावंत सिंह पटेल, सैदाबाद ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह पटेल, अशोक पटेल, रामशीला पटेल, प्रीतम पटेल, सुरेन्द्र पटेल, संजय पटेल दामोदर, रामसिंह पटेल उर्फ मुन्ना, जिला उपाध्यक्ष बृजभान सिंह पटेल, अमर बहादुर विश्वकर्मा, जिला महासचिव आशीष पटेल, राजकुमार पटेल, विधानसभा अध्यक्ष बृजेश पटेल, अर्जुन सिंह पटेल, धर्मराज पटेल, राजेश पटेल, मणिराज पटेल एवं जिला मीडिया प्रभारी धर्मराज पटेल सहित आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में भारी संख्या पार्टी कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बारिश होने से ग्रामीणों का आना जाना हुआ दुश्वार, लोगों में आक्रोश

**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत दिघिया गांव में लगभग आठ से साल से बनी हुई चकरोड को खोदकर कर नाली का निर्माण किया गया। लेकिन नाली ढका नही और भारी बारिश होने के कारण जल भराव हो गया है ।जिससे ग्रामीणों को आने जाने में बहुत दिक्कत झेलने पड़ रहे है ।उक्त समस्याओं के बारे में प्रधान के पास कई बार ग्रामीणों द्वारा सूचना दिया गया फिर भी नाली ढका नही गया। बल्कि जो चकरोड़ बनी थी उसको भी खराब कर दिया गया है। जिसकी जानकारी अशोक दुबे , चंद्रमणि दुबे ,बृजलाल निषाद, कन्हैया लाल निषाद, गिरधारी निषाद, जगदम्बा दुबे, विवेक कुमार, राकेश दुबे, दिनेश निषाद, राजेंद्र प्रसाद, फूलचंद्र, लव दुबे ,आशीष, दुबे, चुलबुल माझी, आदि लोगों ने अतिशिघ्र पानी की निकास करवाने तथा नाली ढकवाने की मांग की हैं। ग्राम प्रधान दिघिया ने बताया कि ग्राम पंचायत निधि में रूपए न होने के कारण समास्याओ का समाधान सम्भव नहीं है। **ग्राम प्रधान दिघिया राज कुमार ।**

# दम तोड़ने लगी है यूपी बीओसी बोर्ड श्रम विभाग की योजनाएं

**पंजीकृत श्रमिक ठगा सा महसूस करने लगा,पुत्री विवाह अनुदान, सीएम सामूहिक विवाह योजना,मृत्यु अंत्येष्टि दुर्घटना सहायता और मातृत्व शिशु हित लाभ योजनाएं आवेदन के बाद अचानक ठप**

**श्रम मंत्री, प्रमुख सचिव श्रम उत्तर प्रदेश, श्रमायुक्त से कार्यवाही की उठी मांग**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड लखनऊ श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों के किस्मत में आंसू ही आसू दिखाई देने लगे हैं। अचानक से विभागीय बेवसाइट बंद कर दिए जाने से आवेदन कर्ता और लाभ की अंतिम स्टेज तक पहुंच पहुंचा कर हित लाभ रोक दिया जाना,नए श्रम कार्ड बनाना,नवीन करण योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया स्थगित कर दिया जाना गरीब श्रमिकों के साथ किसी जुल्म से कम नहीं है।

दर असल श्रम विभाग की बीओसीडब्लू ब्रांच ने सात आठ मैश पूर्व से ही कल्याणकारी योजनाओं की बंद कर रखा है। जिससे इस साल शादी ब्याह की गरीब आर्थिक सहायताओं की आश में लोगों से कर्ज ले कर ब्याह किए कराए। किंतु ऑनलाइन बंद किए जाने से श्रमिक योजनाओं का और मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजनाओं तथा अन्य किसी भी योजनाओं का लाभ नहीं ले सका। इतना तक कि किसी का न श्रमिक कार्ड रीनिवल हो पा रहा न बन रहा न शुद्धिकरण ही पा रहा। श्रमिकों ने बताया कि साल भर पूर्व से पुत्री विवाह,मातृत्व शिशु मृत्यु सहायता आदि योजनाओं का आवेदन ऑनलाइन करा कर लाभ प्राप्त करने की आशा में बैठे हैं। किंतु जिस स्तर पर भी आवेदनों की तथा स्वीकृति अस्वीकृत की प्रक्रिया थी उसी स्तर पर अचानक रोक दिया गया है। जिससे पंजीकृत श्रमिकों में रोष व्याप्त हो गया है। श्रमिकों ने बताया कि इतनी जटिल प्रक्रिया ऑनलाइन की कर दी गई है कि आसानी से अब अनपढ़ या पढ़ा लिखा योजनाओं का आवेदन नहीं कर सकता और न ही हित लाभ प्राप्त कर सकेगा। कुल मिला कर श्रम विभाग ने कभी न देने का एक रास्ता खोज लिया प्रतीत होता है। इस संबंध में श्रमिक प्रतिनिधि हिंद मजदूर सभा के उपाध्यक्ष तथा सचिव मिसकीन सेवा संस्थान ट्रस्ट ग्राम प्रधान लीडर्स अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे अल्हवा ने द्वारा उचित माध्यम पत्र लिख कर विभागीय वेबसाइट चालू किए जाने की मांग की है,साथ ही क्षेत्रीय विधायक और सांसद का भी ध्यान आकृष्ट किया है और हस्तक्छेप किए जाने की मांग किया है। किंतु श्रम विभाग के आयुक्त ने 27 जून को लिखित जवाब दिया कि विभागीय बेवसाइट तकनीकी सुधारों के चलते अभी सेवा में नहीं है।वेबसाइट चालू होने पर प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही अपनाई जाएगी। और शिकायत को निस्तारित कर दिया जायेगा।

# गरीबों भूमिहीनों को उपलब्ध भूमि का पट्टा नहीं मिलने से रोष

**सक्रिय ग्राम प्रधान ने तीन साल से राजस्व सचिव से ले कर आयुक्त, डीएम, एडीएम, सीआरओ, एसडीएम और मुख्य मंत्री जी से लिखित पत्र दे देकर थक चुके**



**तहसील स्तर से राजस्व अफसर और कर्मी अपात्र भू माफियाओं के आगे दिख रहे लाचार, पात्र मायूश, खिसियाए ग्राम प्रधान ने अध्यक्ष राजस्व बोर्ड और हाईकोर्ट जाने का लिया निर्णय**

**कोरांव।** ग्राम पंचायतों में कई साल से मलाई काट रहे ग्राम समाज की नवीन परती,बंजर इत्यादि भू खंडों पर भू माफिया इतना आसानी से अवैध कब्जा नहीं छोड़ने वाले दिख रहे हैं। और न ही राजस्व अधिकारी गरीब भूमिहीनों को कृषि,आवासीय आवंटन वितरित करने के लिए सक्रिय नजर आते हैं। जब कि सासन ने सभी तहसीलों में भूमि हीनों को आवंटन का लक्ष्य भी निर्धारित कर दिया है, फिर भी सासन की मंशा पर पानी फिरता दिख रहा। अवगत हों कि प्रदेश सरकार और सासन ने सभी तहसीलों में कृषि और आवासीय भूमि के लिए पट्टे किए जाने का निर्देश और टारगेट दोनों दे रखा है। और प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्य मंत्री जी ने खुद अभियान चला कर सरकारी और अनाधिकृत ग्राम समाज की सार्वजनिक जमीनों को खाली कराए जाने का कड़ाई से सभी जिलाधिकारियों,उप जिलाधिकारी को स्पष्ट आदेश दे रखा है। बल्कि माननीय उच्च न्यायालय ने भी इस दिशा में आदेश पारित कर रखा है किंतु कोई अमलीजामा पहनाने वाला नहीं है। दरअसल जिस तहसीलों में स्थित ग्राम सभाओं में आवंटन हेतु जमीनें है उन्ही तहसीलों के राजस्व कानूनगो से ले कर लेखपाल और कर्मचारी भी नियुक्त हैं। और किसी न किसी भू माफिया,अनाधिकृत कब्जा कर्ता उन्ही कर्मियों में से किसी न किसी का रिश्तेदार है और लोकल होने के नाते अवैध कब्जे खाली कराने अथवा गरीबों की आवंटन करने में कहीं कहीं से दबाव प्रभाव और प्रलोभन से कोई अग्रिम कार्यवाही नहीं हो पा रही। चाहे नाप जोख पैमाईश आदि कार्यवाही का प्रकरण हो या जांच रिपोर्ट आख्या का मामला हो। फिलहाल नियुक्ति विभाग अध्यक्ष राजस्व बोर्ड उत्तर प्रदेश या सचिव की व्यवस्था सुनने में आया है कि स्थानीय राजस्व कर्मचारी जिस तहसील का निवासी है उस तहसील के ग्राम में तैनात नहीं हो सकता । किंतु नियम कानून को ताक पर रख कर लोग अफसरों को प्रभाव में दबाव में या जुगाड से स्थानीय तहसील के ग्राम सभाओं में तैनाती करा कर लोकल राजनीति भी कर रहे हैं और रिश्तेदारों के प्रभाव प्रलोभन में आ कर निस्पक्छ कार्यवाही नहीं कर रहे हैं, जिससे गांवों में भूमि विवादों से अब तक कई जाने जा चुकी हैं,और फौजदारी के मामले तहसील,जिला कचहरी में लोग दौलत बर्बाद कर रहे हैं। हालांकि इस संबंध में अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश प्रयागराज मंडल के मंत्री ने अध्यक्ष रेवेन्यू बोर्ड लखनऊ और प्रमुख सचिव राजस्व का ध्यान दो बार पत्राचार करके आकृष्ट कर चुके हैं। किंतु कोई कार्यवाही उसके आगे नहीं बढ़ रही है।

,,, हमने मुख्यमंत्री जी से ले कर राजस्व सचिव, आयुक्त, डीएम, सीआर ओ, एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार से आईजीआरएस, जनसुनवाई, समाचार पत्रों आदि के जरिए अपनी ग्राम सभा अल्हवा तहसील कोरांव प्रयागराज की करीब छ सात बीघा तक जमीनें बंजर,नवीन परती आदि की तीन साल से गरीब भूमिहीनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु कार्यवाही प्रस्ताव किया,दुबारा पुनः भूमि प्रबंधक समिति की बैठक में पात्रों को पट्टे देने कुछ सरकारी कार्य हेतु सुरक्षित रखने की कार्यवाही किया किंतु तहसील की उक्त अव्यवस्था,निष्क्रियता के कारण अभी तक गरीबों की पट्टे नहीं वितरित करा सका। राजस्व अधिकारी कभी पुनः बैठक बुलाने तो कभी कोरम पूर्ण न होने तक कभी प्रस्ताव में लाभार्थियों के पात्रता आदि के जांच के बहाने लिंगर ऑन करने के लिए अख्याएं देते रहते हैं। इस निमित्त उच्च न्यायालय की शरण में उक्त समस्याओं को दशार्ते हुए जाने की तैयारी में हूं। जुलाई माह से कोर्ट खुलेगी। और माननीय कोर्ट से सभी तीन साल के निरंतर पत्र व्यवहार को और तहसीलदार की रिपोर्ट को भी सूची बध करूंगा। जिससे कोर्ट सभी बिंदुओं पर संज्ञान ले सके और एक ऐतिहासिक फैंशला और व्यवस्था प्रदान करे। जबकि अब तक कई भू कब्जा करताओं के विरुद्ध एफआईआर और जेल भेजे जाने की कार्यवाही कर भूमि मुक्ति भी कराई गई है।,,

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नार्को कोआर्डिनेशन की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

> जिलाधिकारी ने विद्यालयों में नशे के प्रति छात्रों को जागरूक किए जाने हेतु भाषण, निबंध, क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन करने व प्रार्थना स्थल पर नशा मुक्ति की शपथ दिलाये जाने के लिए कहा
>
> जिलाधिकारी ने प्रत्येक मेडिकल स्टोर पर नशे के रूप में प्रयुक्त की जा सकने वाली सभी दवाईयों की सूची उपलब्ध कराये जाने के दिए निर्देश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर नियंत्रण व नशा मुक्ति के सम्बंध में प्रचार-प्रसार हेतु जिला स्तरीय नार्को कोआर्डिनेशन की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्यालयों में नशे के प्रति छात्रों को जागरूक किए जाने हेतु अपर जिला विद्यालय निरीक्षक को कार्ययोजना बनाकर माह जुलाई से प्रत्येक माह में जनपद के एक-चौथाई विद्यालयों में भाषण, निबंध, क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन व प्रार्थना स्थल पर नशा मुक्ति की शपथ दिलाये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने आगामी नार्को कोआर्डिनेशन की बैठक में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी व समाज कल्याण अधिकारी को उपस्थित रहने व कालेजों में नशा मुक्ति के सम्बंध में जन-जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से स्वरूपरानी मेडिकल कालेज में स्थापित 10 बेड के डिएडिक्शन सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि व्यसनियों की काउंसलिंग किए जाने एवं साथ-साथ भर्ती कर भी इलाज किया जाये। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी उपजिलाधिकारियों से अपनी तहसीलों में अधिकारियों व लेखपालों के माध्यम से लगातार चेकिंग व मादक पदार्थों के हानिकारक प्रभावों के सम्बंध में जन-जागरूकता अभियान चलाते रहने के लिए कहा है, जिससे कि कोई व्यक्ति मादक पदार्थों का दुरूपयोग व खेती न करें। उन्होंने ड्रग इंस्पेक्टर से ड्रग मूवमेंट, सेंसिटिव रूट की जानकारी व उपयोग की सूचना को पुलिस विभाग से साझा करने के लिए कहा है। उन्होंने ड्रग इंस्पेक्टर को नशे के रूप में प्रयुक्त की जा सकने वाली सभी दवाईयों की सूची प्रत्येक मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध कराये जाने के साथ मेडिकल स्टोर पर ऐसी दवाओं की बिक्री का रिकार्ड रजिस्टर बनाये जाने व डाक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना प्रतिबंधित मादक पदार्थ, इंजेक्शन, सिरप की बिक्री न होने पाये, यह सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के प्रति जागरूकता हेतु अभियान चलाये जाने व ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली प्रत्येक बैठक में इसके दुष्परिणामों के बारे में चर्चा किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने आबकारी विभाग को अवैध शराब को बनाने व बिक्री पर रोक लगाये जाने हेतु लगातार छापेमारी की कार्यवाही करते रहने के लिए कहा है। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को अपने संस्थाओं में नशे के प्रति जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, डीसीपी अभिषेक भारती सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## नैनी में छात्रों ने बनाई ई-बाइक, एक बार चार्ज करने पर 45 किमी का सफर करिए

**नैनी।** नैनी यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (यूआईटी ) में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के मेधावियों ने इलेक्ट्रिक बाइक विकसित की है। छात्रों की टीम में अपूर्व सिंह, देवेश बाजपेयी,कामिल जाफर, मोहम्मद शारिक सिद्दीकी और पार्थ गुप्ता शामिल हैं। विभाग के प्रमुख डॉ. संतोष कुमार सिंह ने बताया कि यह यूआईटी की पहली ई-बाइक है जिसका आविष्कार विभाग के संकाय सदस्यों मानस पांडेय, राजेंद्र वर्मा और श्रुति सिंह के मार्गदर्शन में छात्रों ने किया है। इलेक्ट्रिक बाइक में 45 वोल्ट और 750 वाट का एक अत्याधुनिक नियंत्रक के साथ एलसीडी डिस्प्ले भी लगाया गया है। यह बाइक पूरा चाजे होने में एक घंटे तक का समय लेती है और एक बार चार्ज करने पर 45 वकिलोमीटर की दूरी तय करती है। संस्थान के वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी, वाइस प्रेसिडेंट राधिका गुलाटी और यूआईटी के प्राचार्य प्रो. संजय श्रीवास्तव ने एक समारोह के दौरान ई-बाइक का उद्घाटन किया।

# विकास कार्यों की सीडीओ ने की समीक्षा

> बोले- समय से योजनाओं के लक्ष्य हो पूरे, बैठक में सभी खंड विकास अधिकारी शामिल हुए

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने जिले के विकास कार्यों को लेकर समीक्षा की। यह बैठक विकास भवन में स्थित सभागार में हुई। जनपद के सभी खंड विकास अधिकारी शामिल हुए। सीडीओ गौरव कुमार ने सभी अधिकारियों से उनके ब्लॉक में होने वाले विकास कार्यों की समीक्षा करने को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने कहा, विकास कार्य गुणवत्ता युक्त और समय के अंदर उसे पूरा कराया जाए। विकास कार्यक्रमों के तहत पंचायत विभाग की योजनाओं, मनरेगा, आवास योजना, कायाकल्प और गौशालाओं की समीक्षा की गई '

**जनता की समस्याओं को भी सुने अधिकारी :** बैठक में सीडीओ ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम जन की जो भी समस्याएं हैं। उनको सुने और उसका समाधान कराए ' विभिन्न विकास कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए 'उन्होंने ये भी निर्देशित किया कि सभी योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक पूर्ति सुनिश्चित की जाए। सभी अधूरे कामों को गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए। इस बैठक में जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम विकास अभिकरण, जिला पंचायतराज अधिकारी मौजूद रहे।


## गहने खरीदे और चेक दिया, एकाउंट में रुपये ही नहीं, 1.68 लाख का चूना, आभूषण कारोबारी ने दर्ज कराया केस

**प्रयागराज।** प्रयागराज में सोने-चांदी के गहने खरीदने के बाद रुपये न देने का मामला सामने आया है। आभूषण कारोबारी ने ग्राहक के खिलाफ रुपये हड़पने और धमकी देने का केस दर्ज कराया है। सिविल लाइंस स्थित राणा ज्वैलर्स में मुकुंद लाल मौर्या ने सोने और चांदी के आभूषण खरीदे। कारोबारी से कहा कि वह एक लाख 69 हजार 383 रुपये का चेक दे रहे हैं। चेक देने के बाद गहने लेकर चले गए। कारोबारी ने जब बैंक में चेक लगाया तो बाउंस हो गया। फोन पर बात करने के बाद मुकंद लाल मौर्या ने कहा कि एकाउंट में रुपये डाल दिए हैं। कारोबारी ने दूसरी बार चेक लगाया तो भी बाउंस हो गया। आरोप है कि जब मुकुंद लाल से रुपये मांगे गए तो कहा नहीं देंगे। जो भी करना है कर लो। इसके बाद राणा ज्वैलर्स की आशा देवी की ओर से सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी गई। मुदकमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# नैनी के डॉ. आरपी पांड़ेय के बेटे को तलाश रही बिहार पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

> नीट में राज पांडेय पर अपनी जगह पर साल्वर बैठाने का संगीन आरोप है



**नैनी।** नैनी के रहने वाले डॉ आरपी पांडेय के बेटे राज पांडेय पर अपनी जगह पर सल्वर बैठाने का संगीन आरोप है। राज की तलाश में ही बीते दिनों मुजफ्फरपुर पुलिस ने नैनी में छापामारी की थी। स्थानीय पुलिस के साथ बिहार पुलिस एडीए कॉलोनी नैनी स्थित हॉस्पिटल अक्षयवट एंड ट्रामा सेंटर पर गई। हालांकि अस्पताल में न तो संचालक डॉं आरपी पांडेय मिले और न ही उनके बेटे का पता नहीं चला। इसके बाद बिहार पुलिस मुक्त बिहार कॉलोनी स्थित उनके आवास पर भी गई। पुलिस ने बताया कि घर पर कई लग्जरी गाड़ियां खड़ी थीं। डॉ आरपी पांडेय का बेटा वहां भी नहीं मिला। मुजफ्फरपुर पुलिस ने डॉ आरपी पांडेय के बेटे राज पांडेय और उसकी जगह परीक्षा देने वाले सॉल्वर जोधपुर के हुकमा राम के खिलाफ परीक्षा अथिनियम के अलावा कूटरचित करके फजीवाड़ा करने की धारा में एफआईआर दर्ज की है। इस मुकदमे में मुजफ्फरपुर पुलिस ही वादी है। प्रयागराज पुलिस से आरोपी की गिरफ्तारी में मदद मांगी है। नैनी पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक फरार है।



## कौशल विकास प्रचार आरंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आदर्श नागरिक निर्मित राष्ट्र निर्माण हेतु संकल्प लिया

**नैनी।** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौशल विकास का अध्ययन करने से छात्रों को विविध प्रकार के कौशल विकसित करने में मदद मिलती है जो न किसी एक पेशे में बल्कि विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी मूल्यवान है मेजर मृणाली श्रीवास्तव इस कार्यक्रम में कॉलेज के अधिकारियों का एक दल भारतीय सेना मुख्यालय गया वहां जाकर मेजर मृणाली श्रीवास्तव जी ने भेंट की एवं उनके केन्द्र में संचालित कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया मोहम्मद कौसर एडमिशन इंचार्ज एन आई टी सी एन इ बताया  वह शैक्षणिक सुविधाओं और प्रशिक्षण प्लेसमेंट से बहुत संतुष्ट हैं, उन्होंने घोषणा की कि एनआईटीसी प्रयागराज में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण और कौशल विकास केंद्रों में से एक है यहाँ गुरु शिष्य परम्परा का पालन होता है एवं  छात्रों का सम्मान करते हुये कहा कि यह केंद्र के लिये गौरव की बात है केंद्र के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया।

# शादी के 14 साल बाद पता चला पत्नी मुस्लिम है

> इविवि के असिस्टेंट प्रोफेसर ने पत्नी पर दर्ज कराया मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अमरेंद्र त्रिपाठी ने पत्नी व सास-ससुर पर सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उनसे धर्म परिवर्तन की बात छिपाकर शादी की गई। विरोध करने पर उत्पीड़न किया जा रहा है और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। सोशल मीडिया पर फर्जी फोटो डालकर बदनाम किया जा रहा है। पुलिस धोखाधड़ी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी है । क्लाइव रोड निवासी भुक्तभोगी ने पुलिस को बताया कि जून 2011 में उनका विवाह गुवाहाटी असम निवासी महिला से हुआ। आरोप है कि 13 मई को कमरे से मिले कुछ कागजात से पता चला कि उनकी पत्नी ने शादी से पहले ही धर्म परिवर्तन कर इस्लाम ग्रहण कर लिया था। साथ ही उसी धर्म के युवक से शादी भी कर ली थी।इस बात को छिपाकर उनसे शादी रचाई। 2012 में पता चला कि वह गुटखा खाती है, जिसके विरोध पर कलाई की नस काटकर खुदकुशी का प्रयास किया। इसके बाद से लगातार गलत आदतों के विरोध पर उनसे व उनकी माता से मारपीट करती रही। वह लगातार उनके चरित्र के बारे में अनर्गल बातें फैला रही है और बदनाम करने की धमकी दे रही है। छोटी छोटी बातों पर आत्महत्या की धमकी और प्रयास से उनके साथ रहना मुश्किल हो गया है।

**सोशल मीडिया के माध्यम से बदनाम करने का प्रयास :** आरोप है कि दो बार लैपटॉप पटककर तोड़ दिया। विश्वविद्यालय जाकर मुझे बदनाम करने की धमकी देती है। अपने व्हाट्सएप स्टेटस और फेसबुक पर सहकर्मियों और छात्राओं के साथ के फर्जीस्क्रीन शॉट लगाकर बदनाम कर दिया है। 27 मई को सहकर्मियों के साथ हुई निजी बातचीत के झूठे स्क्रीन शॉट्स का स्टेट्स और डीपी लगा दिया । 31 मई को फेसबुक पर तलाक की घोषणा कर दी। पिछले कुछ महीनों से पहड़िया, वाराणसी के एक व्यक्ति से निरंतर संपर्क में है और उसके दम पर जान से मारने और झूठे आपराधिक मामले में फंसाने की धमकी दे रही है। यही नहीं क्लाइव रोड स्थित घर से 23 मई से उन्हें बाहर निकाल दिया और तब से वह सैनिक कॉलोनी, धूमनगंज में रह रहे हैं। सिविल लाइंस प्रभारी रामाश्रय यादव ने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद की बात सामने आई है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

## मजदूर पर चढ़ा पोकलैंड इलाज के दौरान हुई मौत

**झूंसी।** गंगा रिवर फ्रंट निर्माण कार्य मे लगे बिहार के एक मजदूर की पोकलैंड की चपेट में आने से मौत हो गई। पीड़ित के चाचा की शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का पीएम के लिए भेजा दिया। झूंसी की ओर गंगा रिवर फ्रंट का काम चल रहा है जिसमें ज्यादातर मजदूर बिहार के रहने वाले हैं। शुक्रवार को काम के दौरान बिहार खगड़िया जिले के थाना मानसी राजाजान गांव निवासी बब्लू यादव 32 पुत्र सिताराम का दोनो पैर पोकलैंड की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। आनन फानन में उसे इलाज के लिए एसआरएन ले जाया गया। जहाँ इलाज के दौरान बब्लू यादव की मौत हो गई। बब्लू के चाचा अवनीश कुमार ने कानपुर देहात के भोगनीपुर निवासी चालक शनी गौतम के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। बब्बू के चार बेटियां है।

## न्यूज झरोखा

### फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव



**प्रयागराज।** प्रयागराज के फूलपुर में एक विवाहिता का शव कमरे के अंदर फंदे से लटकता मिला। दरवाजा तोड़कर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके वालों ने ससुरालियों पर दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने सास-ससुर, पति समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।प्रतापगढ़ जनपद के रानीगंज थाना क्षेत्र के खाखापुर गांव के रहने वाले उमाशंकर पटेल ने अपनी बेटी रीनू (25) की शादी 25 फरवरी 2023 को फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के सारीपुर गांव के रहने वाले रमेश कुमार पुत्र लालबहादुर पटेल के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराली दहेज की मांग को लेकर रीनू को आए दिन प्रताड़ित करते थे। कई बार पंचायत हुई लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।रीनू के पिता ने फूलपुर कोतवाली में तहरीर देते हुए दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों पर गला दबाकर रीनू की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति रमेश कुमार, ससुर लालबहादुर, देवर अरविंद,ननद किरण व सास के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।इंस्पेक्टर फूलपुर दीनदयाल सिंह का कहना है कि विवाहिता की मौत की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर फंदे पर लटक रहे शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय सचिव प्रदेश प्रभारी द्वारा राष्ट्रीय सलाहकार को किया गया सम्मानित



**प्रयागराज।** पत्रकार विकास परिषद भारत के प्रदेश कार्यालय में पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी डीके मिश्र द्वारा पत्रकार विकास परिषद भारत के राष्ट्रीय सलाहकार विकास चन्द्र तिवारी को सराहनीय कार्य को लेकर प्रदेश कार्यालय में स्मृति चिन्ह,अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। वही राष्ट्रीय सलाहकार ने राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी डी के मिश्र का आभार व्यक्त करते हुए कहा की संगठन के दिशा निदेर्शों के अनुरूप कार्य करेंगे और संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ संघर्ष करते हुए पत्रकार विकास परिषद भारत परिवार को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का कार्य किया जायेगा।

### नैनी में व्यापार मंडल ने ट्रेन को रुकने की मांग की

**नैनी।** नैनी रेल मंत्री एवं प्रयागराज के सांसद एवं रेल महाप्रबंधक प्रयागराज से मांग है 12427 रीवा से चलकर के आनंद विहार दिल्ली जाने वाली रीवा एक्सप्रेस को नैनी स्टेशन पर एक मिनट का स्टॉपेज किया जाए। नैनी व्यापार मंडल के महामंत्री घनश्याम जायसवाल ने कहा रीवा दिल्ली रुकने से जमुना पार के सैकड़ो व्यापारिक नागरिक किसान जो दिल्ली के लिए नैनी से सफर कर सकते हैं उनको राहतमिलेगी। एक मिनट का ठहराव की मांग किया गया।

### रोजगार मेले का आयोजन 29 जून को

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज परिसर में दिनांक 29.06.2024 को प्रातः 10:00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा लगभग 200 विभिन्न रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी। इस रोजगार मेले में हाई-स्कूल/ इण्टर/ स्नातक/ आईटीआई/ डिप्लोमा उत्तीर्ण, आयु सीमा 18 से 40 वर्ष के अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल पर अपना पंजीयन कराने के उपरान्त अपने जॉब कार्ड/रिज्यूम के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी रिक्तियों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण सेवायोजन पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं। इस मेले में प्रतिभाग हेतु यात्रा भात्ता देय नहीं होगा।

# भूमि अधिग्रहण जनवरी 2014 के बाद तो नहीं  तो लागू होगा भूमि अधिग्रहण का नया  कानून : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापना में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार एक्ट 2013 के लागू होने से पहले उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद अधिनियम, 1965 के तहत किया गया अधिग्रहण, जिन्हें 01 जनवरी 2014 तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है तो  मुआवजे के निर्धारण  के लिए 2013 के अधिनियम लागू होगा। कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद अधिनियम, 1965,  बोर्ड को भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 के प्रावधानों के अनुसार अधिनियम के तहत किसी भी उद्देश्य के लिए कोई भी भूमि अधिग्रहित करने का अधिकार देता है। भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 24 में प्रावधान है कि यदि पूर्ववर्ती अधिनियम के तहत भूमि अधिग्रहण के लिए कोई अवार्ड नहीं दिया गया है, तो मुआवजे के निर्धारण के लिए 2013 के अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे। जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता और जस्टिस क्षितिज शैलेंद्र की पीठ ने हेम चन्द्र की याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिका में एडीएम ( लैंड एक्वीजीशन )आगरा  के अवार्ड को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने यू.पी. आवास एवं विकास परिषद बनाम जैनुल इस्लाम एवं अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भरोसा किया। सुप्रीम कोर्ट की बृहद पीठ ने माना है कि मुआवजे के निर्धारण से संबंधित संशोधन अधिनियम, 1984 के लाभकारी प्रावधान अधिनियम के तहत किए गए अधिग्रहणों पर लागू होंगे, ताकि इसे मनमानी और भेदभाव से बचाया जा सके। चूंकि भूमि अधिग्रहण कानून 1894, जिसे समय-समय पर संशोधित किया गया था, नए अधिनियम, 2013 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। इसलिए कोर्ट ने कहा कि प्रभावित व्यक्ति नए अधिनियम, 2013 के अनुसार मुआवजे के हकदार होंगे, ताकि अधिनियम की धारा 55 को संविधान के अनुच्छेद 14 की कसौटी पर असंवैधानिक घोषित होने से बचाया जा सके। सर्वोच्च न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने माना कि अधिनियम के तहत अधिग्रहण के लिए मुआवजे के निर्धारण के उद्देश्य से, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 के प्रावधानों में 1984 में किया गया संशोधन लागू होगा। इसका मतलब यह है कि 1984 के अधिनियम द्वारा एल.ए. अधिनियम में मुआवजे के निर्धारण और भुगतान से संबंधित संशोधन, अर्थात धारा 23(1-ए) और धारा 23(2) और 28, जैसा कि 1984 के अधिनियम द्वारा संशोधित किया गया था, अधिनियम की धारा 55 के तहत अधिनियम के उद्देश्य के लिए अधिग्रहण पर लागू होंगे। इसके अलावा, भारत संघ और अन्य बनाम तरसेम सिंह और अन्य में, सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम और भूमि अधिग्रहण अधिनियम सहित अन्य कानूनों के तहत किए गए अधिग्रहणों को अलग तरीके से नहीं माना जा सकता है। यह माना गया कि यदि राज्य विभिन्न कानूनों के तहत अधिग्रहण कर रहा है तो भूमि मालिकों को अलग नहीं किया जा सकता है। यह देखते हुए कि 1894 के अधिनियम की तुलना में 2013 के अधिनियम में मुआवजे की दर बहुत अधिक है। न्यायालय ने माना कि जहां अवार्ड नहीं दिया गया है, वहां नए कानून के अनुसार मुआवजा प्रदान करने का धारा 24(1)(ए) के तहत प्रावधान शामिल व्यक्तियों के हितों की रक्षा के लिए है। हाईकोर्ट ने पाया कि परिषद द्वारा अवार्ड में लगभग 42 वर्षों तक देरी की गई थी। हाईकोर्ट ने माना कि मुआवजा 2013 के अधिनियम के अनुसार निर्धारित किया जाना चाहिए था, न कि 1894 के पुराने अधिनियम के अनुसार। तदनुसार कोर्ट ने याचिका को मंजूर कर लिया तथा मामले को मुआवजे के पुनर्निर्धारण के लिए विपक्षी को वापस भेज दिया गया।

## सिविल प्रकृति मामले का नहीं दर्ज हो सकता आपराधिक केस : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि सिविल प्रकृति के वाद को केवल परेशान करने के आपराधिक रंग देते हुए दर्ज केस आपराधिक केस नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने  कहा पावर आफ अटार्नी की अधिकारिता को लेकर दाखिल सिविल वाद समझौते के आधार पर वापस ले लिया गया।जिसे कहीं चुनौती नहीं दी गई और 15 साल बाद धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस चार्जशीट पर कोर्ट ने सम्मन भी जारी कर दिया।जिसकी वेधता को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने याचिका मंजूर करते हुए चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने मुंबई निवासी कमलेश सिंह की याचिका पर दिया है। विपक्षी ईश्वर सिंह व याची दोनों मुंबई में रहते हैं। मैनपुरी की जमीन को लेकर याची ने शिवराम मिश्र के नाम पावर आफ अटार्नी कर दी थी। जिसके आधार पर खरीद-फरोख्त भी की गई। शिकायतकर्ता ने सिविल वाद दायर किया।कहा याची को पावर आफ अटार्नी जारी करने का अधिकार नहीं था।यह सिविल वाद एक समझौते के आधार पर वापस ले लिया गया। शिकायतकर्ता ने समझौते या केस वापसी आदेश को कहीं चुनौती नहीं दी।दशकों बाद एफआईआर दर्ज कराई कहा कि समझौता जिसने किया उसे ऐसा अधिकार नहीं था। फजीवाड़े का आरोप लगाया। पुलिस चार्जशीट पर कोर्ट ने संज्ञान लेकर सम्मन जारी किया था। कोर्ट ने कहा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482के अंतर्गत ऐसे केस को रद करने की मांग सही है।याची के खिलाफ कोई आपराधिक केस नहीं बनता।और आपराधिक केस रद कर दिया।

# जनता के विश्वास से ही अपराध नियंत्रण का मिशन होता है साकारः सतपाल अंतिल

## निवर्तमान एसपी को पुलिस लाइन सभागार में समारोहपूर्वक दी गयी विदाई, मुरादाबाद एसएसपी की ताजपोशी पर हुआ सम्मान

### बहुत याद आएगी कप्तान सतपाल अंतिल की कार्यशैली

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल प्रतापगढ़ में लगभग तीन वर्षों तक रहने के बाद मुरादाबाद के एसएसपी के पद पर स्थानांतरित हो गये हैं। उनके स्थान पर डा0 अनिल कुमार नये पुलिस अधीक्षक के रुप में यहां कार्यभार ग्रहण करेंगे। अपने लगभग तीन वर्षों के कार्यकाल में सतपाल अंतिल ने प्रतापगढ़ की कानून व्यवस्था पर अंकुश लगाने में सफलता पाई थी। सबसे बड़ी खूबी यह थी कि घटना हो जाने के 24 घंटे या 48 घंटे के अंदर ही अपराधी को पकड़ लिया जाता था। पुलिस अधीक्षक के इस अभियान में जो थानाध्यक्ष ढीले दिखे, उन्हें एसपी ने तुरंत हटा दिया। इससे अपराधियों में यह भय हो गया था कि हम अपराध करके बचेंगे नहीं। सबसे अच्छी बात यह थी कि ज्यादातर अपराधियों को पकड़ने में हुई मुठभेड़ में बदमाशों के पैर में गोली मारी जाती थी। इससे लगता है कि पुलिस अपराधियों को नहीं, बल्कि उनके अपराध को खत्म करने का प्रयास करती रही।



निवर्तमान एसपी सतपाल अंतिल को सम्मानित करते अधिकारी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के मुरादाबाद एसएसपी पद पर स्थानांतरित हुए निवर्तमान एसपी सतपाल अंतिल को पुलिस लाइन के सभागार में बुधवार को समारोहपूर्वक विदाई दी गयी। विदाई समारोह में अधिवक्ताओं, व्यापारियों, साहित्यकारों व संभ्रान्त नागरिकों ने एसपी सतपाल अंतिल के तीन वर्ष के जिले में सफलतम कार्यकाल को लेकर उन्हें सम्मानित भी किया।

निवर्तमान एसपी सतपाल अंतिल ने कहा कि जनता के विश्वास को अर्जित कर ही पुलिस अपराध नियंत्रण के लक्ष्य को सफल बना सकती है। उन्होनें कहा कि पुलिस और आम लोगों के बीच सीधे संवाद और विश्वास की भावना से समाज में अमन व शांति का वातावरण सुदृढ़ हुआ करता है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिले के डीएम संजीव रंजन ने कहा कि एसपी सतपाल अंतिल के साथ शासन की योजनाओं को संचालित कराए जाने में शांति का वातावरण मिलना एक सुखद अनुभूति रही है। कार्यक्रम में व्यापार मण्डल, अधिवक्ता संगठनों, नागरिक संगठनों व मीडिया से जुड़े संगठनों की ओर से निवर्तमान एसपी सतपाल अंतिल को स्मृति चिन्ह, धार्मिक ग्रन्थ, बुकें व मालाएं प्रदान कर गर्मजोशी के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने किया। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार सिंह ने किया। समारोह को सीडीओ नवनीत सेहारा, एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा, सीआरओ राकेश कुमार ने भी संबोधित कर स्थानांतरित पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल की प्रशासनिक दक्षता को सराहा। वहीं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, जूनियर बार एसोशिएसन के अध्यक्ष रोहित शुक्ल, आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष आनन्द प्रचण्ड, इंदुभाल मिश्र, महामंत्री संतोष सिंह, पूर्व अध्यक्ष मान सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार राज नारायण शुक्ल राजन, लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, सांगीपुर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी, व्यापारी नेता मंजीत सिंह छावड़ा, राजेन्द्र केसरवानी ने भी आम लोगों का प्रतिनिधित्व करते हुए एसपी सतपाल अंतिल के सरल एवं सुलभ जनसंवाद की जमकर प्रशंसा की।

### राजा भइया भी पहुंचे एसपी के विदाई समारोह में, दी शुभकामनाएं



सतपाल अंतिल को शुभकामना देते राजा भइया।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के विदाई समारोह में जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया पहुंचे। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यकाल में जनपद की कानून व्यवस्था को अंकुश में रखकर अपराधियों में भय पैदा किया। इससे प्रतापगढ़ में अब अपराध घटे हैं, इसके लिये उन्होंने सतपाल अंतिल को बधाई दी और मुरादाबाद के एसएसपी के रुप में कार्य करने के लिये शुभकामनाएं दी। इस मौके पर रुरल बार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा भी मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु सभासदों व सफाई नायकों का हुआ संवेदीकरण

### एक जुलाई से 31 जुलाई तक के अभियान का रोस्टर जारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आगामी एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत आज नगर पालिका के सभागार में सभासदों, सफाई नायकों तथा कर्मचारियों का संवेदीकरण किया गया जिसमें एक जुलाई से 31 जुलाई तक का रोस्टर बताते हुए पूरे माह तक शहर के नाले-नालियों की सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव तथा फागिंग के अलावा मच्छरजनित रोगों के रोकथाम के उपाय की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने कहा कि वर्षा के दिनों में जलभराव से मच्छरजनित रोग डेंगू व चिकनगुनिया होने का डर रहता है। इससे सावधानी बरतना आवश्यक है। कार्यक्रम में जिला सहायक मलेरिया अधिकारी अनिल कुमार दुबे, मलेरिया निरीक्षक संतोष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इसके लिये जागरुक होना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में सभासदों में राकेश पटेल, रमेश मौर्य, अमृत लाल आदि ने ईओ से अपने क्षेत्र की समस्याओं को अवगत कराया। कार्यक्रम में यूनिसेफ की मिराजुल निशा व मोहम्मद वकील ने मच्छरजनित रोगों से बचाव के उपाय बताए।



नगर पालिका के सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारीगण व सभासद

### संविलित विद्यालय में चोरी

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के विकास क्षेत्र कालाक़ाकर के अंतर्गत संविलित विद्यालय कुतवनपुर मे मंगलवार की बीती रात अज्ञात चोरो ने विद्यालय परिसर मे बने दिव्यांग शौचालय व शौचालय की छत पर रखे एक एक हजार लीटर की दो पानी की प्लास्टिक की टंकी व स्टोर रूम मे रखा 2 बोरी चावल, 4 कुर्सी व पांच बाल्टी तथा पुस्तकालय मे रखी हुई एन0 टी0 आर0 सी0 की लगभग 100 पुस्तकें चुरा ले गये छत पर लगे लोहे की सरिया को भी चुराने का प्रयास किया लेकिन सफल नही हो सके। घटना की जानकारी बुधवार की सुबह मिलने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष यादव विद्यालय पहुँचे और मामले की जानकारी प्रभारी प्रधानाध्यापक पन्नालाल को दी पर मौके पर पहुँचे प्रधानाध्यापक ने चोरी गये सामान की लिस्ट बनाकर घटना की तहरीर नवाबगंज पुलिस को दी पुलिस ने तहरीर मिलते ही मामले मे जांच को जुटी हुई है।

## एजेंट के लुटेरों को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

### नगदी, तमंचा, मोबाइल व मोटरसाइकिल बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बीती रात थाना अन्तू क्षेत्र के अन्तर्गत लोहंगपुर के पास रिकवरी कर लौट रहे एक एजेंट के साथ बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा तमंचा दिखाकर उसके पास से 19 हजार रुपये व एक मोबाइल फोन छीन लिया और भाग निकले।

मामले की सूचना पुलिस को दी गई जिस पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व एवं क्षेत्राधिकारी नगर शिवनारायण वैश के मार्गदर्शन में स्वॉट/सर्विलांस टीम एवं प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार मय हमराह द्वारा इलेक्ट्रानिक/मैनुअल साक्ष्यों व मुखबिर की सूचना पर थाना अन्तू क्षेत्रान्तर्गत रामगढ़ी तिराहा से रामगढ़ी सड़क के पास एक मोटर साइकिल को रोकने का प्रयास किया गया।

मोटर साइकिल पर सवार बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग किया गया, जिसपर पुलिस टीम/स्वॉट टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में पुलिस मुठभेड के दौरान घायल अभियुक्त अजमल खान पुत्र अमजद खान निवासी कांशीराम कालोनी सरोज चैराहा थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ के बांये पैर में गोली लगी। इस दौरान उसके कब्जे से लूट के चार हजार रुपये, तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व मोबाइल फोन बरामद किया तथा एक अन्य अभियुक्त मो0 शहबाज पुत्र मो0 अली निवासी बेगम वार्ड थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को लूट के चार हजार रुपये व रिकवरी रसीद के साथ गिरफ्तार किया गया व घायल अभियुक्त अजमल खान उपरोक्त को प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल प्रतापगढ़ भेजा गया। स्वॉट/सर्विलांस टीम में प्रभारी स्वॉट टीम उ0नि0 सुनील कुमार यादव मय हमराह उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह, आरक्षी धनन्जय राय, आरक्षी राजेन्द्र कुमार, आरक्षी जागीर सिंह, आरक्षी अनुपम पाथरे, आरक्षी अरविन्द दूबे, आरक्षी सनोज कुमार, आरक्षी प्रवीण नयन, प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार सिंह, उ0नि0 राकेश कुमार चैरसिया, उ0नि अंकित सिंह मय हमराह का0 राहुल यादव, का0 अनिल यादव, का0 संदीप यादव, का0 श्रवण कुमार थाना अन्तू शामिल रहे।



नशा निरोधक दिवस पर शपथ लेते पुलिस कर्मी।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर पुलिसकर्मियों ने ली शपथ

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली परिसर में पुलिस कर्मियों ने अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर शपथ ली। बता दें हर साल 26 जून को विश्व स्तर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन दुनिया को नशीली दवाओं से मुक्त करने के लिए किए जा रहे कार्यों और सहयोग के विभिन्न प्रयासों का प्रतीक है। बता दें कि विश्व ड्रग दिवस की शुरुआत 26 जून 1989 को हुई। इसी के क्रम में पट्टी कोतवाल आलोक कुमार ने पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर कृष्ण प्रताप सिंह, उप-निरीक्षक श्याम सुंदर गिरी, शशिधर पाठक, ओम प्रकाश राय, अजीत सिंह, अतर सिंह, शुभम सिंह के साथ ही कांस्टेबल नक्षत्र प्रताप सिंह, विश्वेंद्र प्रताप सिंह महिला आरक्षी गायत्री देवी, रिंकी सोनकर, प्रेमशिला पटेल, अंजू समेत समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## घायल अवस्था में किशोरी के मिलने पर मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कालाकांकर खास के कछार जंगल में संदिग्ध परिस्थितियों मे गांव की एक किशोरी का रक्त रंजिश अचेत अवस्था मे नाले के पास मिलने से हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त थाना क्षेत्र के कालाक़ाकर निवासी विनय कुमार निषाद की 20 वर्षीय बेटी कल्पना(काल्पनिक नाम) का सोमवार को खून से लथ पथ घायल अवस्था मे नाले के पास मिलने से हड़कंप मच गया किशोरी की शरीर के साथ कोई गलत काम होने की बात सामने आ रही है मामले की जानकारी होने पर परिजनों मे आक्रोश फैल गया मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने आनन फानन मे घायल किशोरी को स्थानीय सीएचसी कालाकांकर ले गये जंहा चिकित्सको ने उपचार करने के बाद एस आर एन प्रयागराज भेज दिया जंहा हालत मे सुधार बताया जाता है। मामले मे घायल किशोरी के पिता विनय निषाद निषाद ने पुलिस को घटना के आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

## एक वर्ष बाद भी अधूरी पड़ी पीडब्ल्यूडी की सड़क

### विभागीय लापरवाही से ग्रामीण परेशान, नही सुनते लोनिवि के जेई व ठेकेदार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एक वर्ष बाद भी पीडब्ल्यूडी की सड़क अधूरी पड़ी हुईं है। विभागीय लापरवाही के चलते ग्रामीणों परेशान हो रहे हैं। लोगों की शिकायत को भी अवर अभियंता सुनने को तैयार नहीं है। लगभग एक वर्ष पूर्व सड़क का निर्माण शुरू हुआ, लेकिन बोल्डर गिट्टी डालकर कार्यदाई संस्था नदारद हो गई।

विकास खंड लालगंज क्षेत्र स्थित रायपुर तियाई-रामपुर राजमार्ग से जगन्नाथपुर को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी से लगभग 1500 मीटर हुआ है। पीडब्ल्यूडी के नियमानुसार विभाग खुद की जर्जर सड़को की मरम्मत कराता रहता है। उसी में एक सड़क जगन्नाथपुर की भी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क मरम्मत का कार्य लगभग एक वर्ष पूर्व से चल रहा है जो आज तक कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्ण नहीं कराया जा सका है। कार्यदायी संस्था की मनमानी इस कदर है की वह सड़क पर शंकरगढ़ की गिट्टी को डालकर नदारद हो गया है। कई माह बाद भी ठेकेदार द्वारा निर्माणाधीन सड़क की सुध नही ली गई। मनमानी को लेकर लोग मामले की शिकायत जेई से किए। ग्रामीणों का आरोप है कि अवर अभियंता तो ठेकेदार से भी लापरवाह निकले। समस्या के समाधान की जगह वह कार्यदाई संस्था की तरफदारी करने लगे। लापरवाह कार्यदाई संस्था सड़क पर शंकरगढ़ की गिट्टी डालकर इस कार्य को भूल गई।यहां तक कि मार्ग पर पड़ी गिट्टी पर रोलर तक नसीब नही हो सका है। ग्रामीणों का रातों दिन आना-जाना लगा रहता है। बोल्डर गिट्टी की वजह से आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे है। वहीं गांव के कुछ लोगों ने बताया कि इससे अच्छी तो पहले ही थी कम से कम लोग आ जा सकते थे, लेकिन आज लगभग कई महीनों से तो लोगो के लिए यह मार्ग किसी मुसीबत से कम नहीं है। इस समय के समाधान के लिए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।



अधूड़ी पड़ी लोक निर्माण विभाग की सड़क।

## फायर कर क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले को पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** थाना आसपुर देवसरा क्षेत्र के सैफाबाद से वाजिदपुर रोड पर बीते सोलह जून की रात्रि को लोगों में दहशत फैलाने के लिए सुदर्शन यादव पुत्र अमरजीत उम्र 21 बर्ष निवासी हरई पट्टी थाना पट्टी,और शिवम् सरोज पुत्र स्वर्गीय राम सुख सरोज उम्र 24 बर्ष निवासी रायचन्द पट्टी थाना पट्टी ने फायरिंग की थी। आज मुखबिर की सूचना पर इन लोगों को सैफाबाद पट्टी के नहर की पुलिया से सैफाबाद चैकी इंचार्ज सुनील राय ने अपने हमराही कांस्टेबल बाबूलाल, कांस्टेबल मोनू कुमार, हेड कांस्टेबल यशवंत सिंह राठौर, कांस्टेबल राकेश सरोज ने गिरफ्तार करके इन लोगों को न्यायालय भेज दिया। इन लोगों के पास से अवैध तमंचा कारतूस बरामद हुआ पूछताछ में इन्होंने बताया कि सैफाबाद से वाजिदपुर रोड पर स्थित देवी चरन को हड़काने के लिए हम लोगों ने फायरिंग की थी।

## रंजिश के चलते महिला की पिटाई के मामले में पांच पर मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश के चलते हुई मारपीट के मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ बलवा व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के ढिगौसी छत्तू पटटी निवासी प्रेमा देवी सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि मंगलवार को रंजिश के चलते गांव के विपक्षी संजय सरोज व छोटू सरोज पुत्रगण मटरू, मंजू सरोज पत्नी मोनू, रामा पत्नी संजय सरोज, रीता पत्नी छोटू ने लाठी डण्डो से जमकर मारापीटा। बीचबचाव करने पहुंचे उसके पति को भी आरोपियों ने मारपीट कर अधमरा कर दिया। पुलिस ने जांच के बाद संजय सरोज समेत पांच आरोपियो के खिलाफ बलवा, मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

## कमेटी अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की दुर्घटना में मृत्यु पर कांग्रेसियों ने जताया शोक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की सड़क दुर्घटना में हुई दर्दनाक मृत्यु पर जिला कांग्रेस कमेटी, प्रतापगढ़ द्वारा जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि स्व0 तिवारी जी में अभूतपूर्व संगठन क्षमता थी, उनके असमय जाने से हमने एक जुझारू साथी खो दिया है। इस अवसर पर सभी कांग्रेसजनों ने दो मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, पीसीसी सदस्य डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ल, सचिव सुरेश मिश्र, विश्वास सिंह, उमेश तिवारी, अश्वनी उपाध्याय, विश्वास सिंह, के0के0 शुक्ल, सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।



आशुतोष तिवारी की मृत्यु पर शोक जताते जिलाध्यक्ष डा0 नीरज त्रिपाठी

## दो बाइक की आमने सामने भिड़न्त में तीन घायल

### दो एसआरएन व एक रायबरेली रिफर

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के जनवामऊ केरावडीह मोड़ के निकट सजनलाल गल्ला ब्यापारी की दुकान के सामने बुधवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे दो बाइक की आमने सामने भिड़न्त हो जाने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची नवाबंगज पुलिस ने तीनो घायलों को उपचार के लिए सीएचसी कालाक़ांकर ले गयी जंहा चिकित्सको ने तीनो गंभीर रूप से घायलों मे दो को एस आर एन प्रयागराज व एक को रायबरेली रिफर के लिए रिफर कर दिया।घटना के बारे मे बताया जाता है कि मानिकपुर थाना क्षेत्र के छाताहार यादव पट्टी निवासी फूलचंद पुत्र रामदुलारे (32) वर्षीय, दूधनाथ पुत्र रामलाल यादव (45) वर्षीय व करमचंद पटेल पुत्र रामदुलारे पटेल (32) वर्षीय एक ही बाईक से वापस अपने घर जा रहे थे कि सामने से आ रहे बाइक सवार श्रवण पुत्र जोखूलाल (35) वर्षीय थाना क्षेत्र के कडरौ निवासी की थाना क्षेत्र के केरावडीह मोड़ के निकट गल्ला ब्यापारी की दुकान के पास आमने सामने दोनो बाईक की जोरदार भिड़न्त हो गयी जिसमे एक बाइक पर सवार तीनो युवक गंभीर रूप से सड़क पर खून से लथ पथ गिर पड़े आस पास के लोग घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े और घटना की जानकारी नवाबगंज पुलिस को दी मौके पर पहुंची नवाबगंज ने सड़क पर पड़े तीनो घायलो को उपचार के लिए प्राइवेट वाहन से सीएससी कालाकांकर ले गये।

### मुख्यालय ब्लाक कालाकांकर मे बिजली पानी के लिए मचा हुआ हाहाकार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कालाकांकर पावर हॉउस से जुड़े ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर मे विगत 4-5 दिनों से बिजली के गुल होने से कर्मचारियों व आवास मे रहने वाले पंचायत सचिवों मे बिजली पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है लोग इस भीषण गर्मी को झेलने के साथ पानी के लिये व्याकुल हो रहे हैं। बिजली आपूर्ति के अभी तक बहाल न होने से कर्मचारियो के साथ बच्चे परेशान हो रहे है । बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए ब्लाक मुख्यालय के कर्मचारियों ने एस डी ओ व जे ई का ध्यान इस ओर आकृस्ट कराया है।

# पुलिस की हिरासत में होने के बाद हत्याभियुक्त का नहीं टूटा गुरुर फिर हत्या की दी धमकी

## पुलिस के तमाशबीन बने रहने से आक्रोशित हुए ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय में पहुंचकर की फरियाद

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** करारी थाना पुलिस ने बृहस्पतिवार को विजय हत्याकांड में रंजीत को गिरफ्तार किया रंजीत पुलिस की हिरासत में था लेकिन उसका गुरुर कम नहीं हुआ और उसने मृतक के परिजनों को फिर धमकी देना शुरू कर दिया कि जेल से छूटने के बाद परिवार के लोगों को जान से मार देंगे जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया और गांव के सैकड़ो लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन कर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है ग्रामीणों का आरोप है कि थाना पुलिस की कस्टडी में आरोपी रनजीत ने विजय के घर वालों को जेल से छूटने पर जान से मारने की धमकी दी है। करारी के एडहरा गांव में विजय हत्याकांड में गांव पहुंची पुलिस से ग्रामीणों की नोक झोंक हुई है। विजय के पिता महेश कुमार के मुताबिक, दोपहर करारी थाने की पुलिस हत्या के आरोपी रंजीत को लेकर बरामदगी कराया। इस दौरान मृतक विजय के पिता महेश कुमार ने पुलिस व हत्यारोपी पर आरोप लगाया है कि उन्हें परिवार सहित जेल से छूटने पर खत्म कर देने की धमकी दी गई है। पुलिस कस्टडी में आरोपी द्वारा धमकी देने के मामले में पुलिस पर भी आरोपी को रियायत देने का आरोप लगा है। मृतक विजय के परिजनों के समर्थन में भारी संख्या में ग्रामीण थाना पुलिस के खिलाफ शिकायत लेकर एसपी दफ्तर पहुंचे। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर पुलिस अधिकारी से आरोपी रंजीत को तत्काल जेल भेजने व थाना पुलिस के सिपाहियों पर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस अधिकारी ने मामले में जांच का आश्वासन देकर ग्रामीणों व पीड़ित परिवार को घर भेज दिया है।

### अभ्युदय योजना के अन्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की होगी निशुल्क तैयारी

**कौशाम्बी।** समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं यथा-आईएएस, पीसीएस, जेईई, नीट, एनडीए,टीजीटी एवं पीजीटी इत्यादि की तैयारी/मार्गदर्शन के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत महामाया राजकीय बालिका छात्रावास, मंझनपुर (बस डीपो, मंझनपुर के पीछे) एवं जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय करारी, कोइलहा, भरसवाँ, ककोढ़ा एवं बरैसा में निःशुल्क कोचिंग संचालित हैं। कोचिंग में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं विषय सम्बन्धी मार्गदर्शन के लिए विषय विशेषज्ञों/ वातार्कारों की आवश्यकता है। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी ने देते हुए विषय विशेषज्ञों को सूचित किया है कि शैक्षिक विवरणों एवं अनुभव प्रमाण-पत्र सहित दिनांक 05.07.2024 तक जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय/ महामाया राजकीय बालिका छात्रावास, मंझनपुर (बस डीपो, मंझनपुर के पीछे) में उपलब्ध करायें, ताकि सक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जा सकें। इसके लिए मानदेय विभाग द्वारा निर्धारित दर पर किया जायेगा। विस्तृत जानकारी शिवम तिवारी, कोर्स को-आर्डिनेटर मोबाइल नम्बर-9984919961 से प्राप्त की जा सकती हैं।

## ब्रिटिश शासन के स्कूल की जमीन को सपा बसपा सरकार में लील गया अफसर-नेता का गठजोड़



कौशाम्बी में 500 करोड़ कीमत की ब्रिटिश शासन के सरकारी स्कूल जमीन को मुक्त कराने में गंभीर नहीं है अधिकारी

**कौशाम्बी** अंग्रेजों के शासनकाल में गांव के बच्चों को शिक्षित करने के लिए गांव-गांव प्राथमिक विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय खोले गए थे देश आजाद होने के बाद इन विद्यालय के भवन और जमीन भारत सरकार के जिम्मे हो गई लेकिन भारत सरकार के जिम्मे की जमीनों पर समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के सरकार के कार्यकाल में कब्जे किए जा चुके हैं ब्रिटिश सरकार के कार्यकाल में कौशाम्बी जिले में 300 से अधिक प्राथमिक विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय के भवन थे जिनमे 500 बीघा से अधिक जमीन थी बेसिक शिक्षा परिषद का गठन होने के पहले इन विद्यालय में पढ़ाई होती थी और यह विद्यालय सरकार के कब्जे में थे लेकिन बेसिक शिक्षा परिषद का गठन होने के बाद नए विद्यालय भवन नए स्थान पर बना दिए गए और ब्रिटिश पीरियड के जमाने के विद्यालय के भवन और जमीन को खाली छोड़ दिया गया जिस पर तहसील के कर्मचारियों अधिकारियों के गठजोड़ से गांव के लोगों ने सरकारी स्कूल की जमीन पर कब्जा कर लिया है 300 से अधिक सरकारी स्कूल की जमीन पर कब्जा हो चुका है बताया जाता है कि ब्रिटिश पीरियड के स्कूलों के पास लगभग 500 बीघा से अधिक जमीन थी जिनकी वर्तमान में कीमत 500 करोड रुपए से अधिक है हालांकि पूरे प्रदेश में यही स्थिति है और अन्य जनपदों में भी ब्रिटिश पीरियड के स्कूल के जमीन भवन पर कब्जा हो चुका है ब्रिटिश पीरियड के स्कूल के जमीन और भवन पर कब्जा किए जाने का यह मामला बेहद गंभीर होने के बाद तहसील और जिले के अधिकारियों ने ब्रिटिश पीरियड स्कूल की जमीनों को खाली नहीं कराया है जिससे सरकार को बड़ा नुकसान हुआ है मामले को योगी सरकार को गंभीरता से लेना होगा और ब्रिटिश पीरियड के स्कूल के भवन और उसकी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करते हुए सुरक्षित करनी होगी हालांकि तहसील के लेखपाल और अन्य कर्मी अधिकारी ब्रिटिश पीरियड के स्कूल की जमीन को खाली कराने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं।

# नए चौकी इंचार्ज के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा भरवारी की घटनाओं को रोक पाना

**भरवारी कौशाम्बी।** थाना कोखराज अन्तर्गत नगर पालिका परिषद भरवारी में नए चौकी इंचार्ज के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा मोबाइल चोरों के सक्रिय गिरोह को रोक पाना कठिन है आपको बता दे कि कस्बा भरवारी जनपद कौशाम्बी का प्रमुख बाजार है जहां पर साप्ताहिक बाजार बुधवार एवम शनिवार को बाजार लगा करती है ' जहा पर प्रत्येक बाजार के दिन मोबाइल चोरों का बड़ा गैंग सक्रिय है '। यहां पर प्रत्येक बाजार के दिन चार छह मोबाइल को चोरों द्वारा पार कर देना किसी जादूगर से कम नहीं होता ऐसा ही मामला बुधवार को बाजार के दिन सुनील कुमार केसरवानी उर्फ गुड्डन भाई मेहता रोड सब्जी लेने बाजार गए हुए थे देखते ही देखते उनके जेब से इस तरह मोबाइल चोरों ने पार कर दिया कि वे देखते ही रह गए '। सबसे बड़ी बात तो यह है की कल ही 26 हजार का एंड्रायड मोबाइल उन्होंने खरीदा था और दो घंटे बाद ही चोरी हो गया । सबसे बडी एवम दुर्भाग्य पूर्ण बात यह है कि नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी ने कितने लाखो रुपए का टेंडर पूरे नगर पालिका बाजार में लगवा कर लोगो को चोरी एवम किसी भी घटना दुर्घटना को सीसीटीवी कैमरा में कैद होने की सुरक्षा प्रदान करने की कोशिश की थी परन्तु कल जब मोबाइल चोरों द्वारा जादू गर की तरह से चोरी होने पर बस स्टॉप पर लगा सीसीटीवी कैमरा देखने का प्रयास किए गया तब ज्ञात हुआ कि यह सभी कैमरा में तार टूटी हुई है 'ऐसे में नगर पालिका में लगे सभी सीसीटीवी कैमरा शो पीस बनकर रह गया है ' अब सवाल उठता है कि लाखो रुपए का लगाया गया सीसीटीवी कैमरा पब्लिक की आंखों में धूल झोंक कर गुमराह करने का कार्य किया गया है'क्या नगर पालिका अध्यक्ष जिन्होंने घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लाखो रुपए खर्च करने के बाद भी शो पीस बने हुए है क्या कर्मचारियों पर कार्य वाही होगी '। वही कल ही नए चौकी इंचार्ज का भरवारी का चार्ज लेना किसी चुनौती से कम नही होगा भरवारी में मोबाइल चोरों के गैंग को रोक पाना कठिन लगता है।

**बाजार में मोबाइल चोरो का गिरोह है सक्रिय नगर पालिका परिषद में लाखो का लगा हुआ है सीसीटीवी कैमरा जो की शो पीस बनकर रह गया है**




# ताश के पत्ते की तरह फेटे गए कोतवाल थानेदार और उपनिरीक्षक

## कई पुलिस चौकी इंचार्ज लाइन में भेज दिए गए

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार की देर रात दो इंस्पेक्टर सहित 3 दर्जन उप निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है एसओजी प्रभारी सिद्धार्थ नाथ सिंह का किया गया स्थानांतरण रद्द कर दिया गया है पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए स्थानांतरण में कई पुलिस चौकी इंचार्ज लाइन में भेज दिए गए हैं। उपनिरीक्षक शिवशंकर पांडेय को मंझनपुर थाना से हटाकर इसी थाना क्षेत्र के शमशाबाद चौकी इंचार्ज बनाया गया।

मंझनपुर थाना में रहे उपनिरीक्षक अभिषेक कुमार को चौकी प्रभारी सिविल लाइंस बनाया गया। चौकी प्रभारी सिविल लाइंस विकास चंद्र मिश्र को पुलिस लाइन भेजा गया। पुलिस लाइन में रहे रणविजय सिंह को चौकी प्रभारी कादीपुर बनाया गया। कादीपुर चौकी प्रभारी रहे चंद्रबली सरोज को पुलिस लाइन भेजा गया। प्रभारी फील्ड यूनिट प्रमेश कुमार को चौकी प्रभारी नारा बनाया गया। नारा चौकी प्रभारी रहे हनुमान प्रताप को गैर जनपद के फल स्वरूप पुलिस लाइन भेजा गया। अर्का महाविरपुर चौकी प्रभारी रहे सियाकांत चौरसिया को चौकी प्रभारी शहजादपुर बनाया गया। करारी थाना में रहे राम सजीवन साहू को चौकी प्रभारी अर्कामहावीरपुर बनाया गया। शहजादपुर चौकी प्रभारी रहे किशन कुमार को पुलिस लाइन भेजा गया। महेवाघाट थाना में रहे गौरव त्रिवेदी को चौकी प्रभारी हिनौता बनाया गया। हिनौता चौकी प्रभारी रहे अनिल कुमार को पुलिस लाइन का रास्ता दिखाया गया। सराय अकिल थाना में रहे उप निरीक्षक सुनील कुमार को चौकी इंचार्ज तिलहापुर बनाया गया। तिल्हापुर चौकी प्रभारी रहे अभिषेक गुप्ता को चौकी प्रभारी भरवारी बनाया गया। भरवारी चौकी प्रभारी रहे सत्य प्रकाश सिंह पुलिस लाइन भेजे गए।

कनैली चौकी प्रभारी कमलेश कुमार पांडेय पुलिस लाइन भेजे गए। आईजीआरएस प्रभारी रहे उप नि0 दिलीप सिंह को कनैली चौकी इंचार्ज बनाया गया। बेनीराम कटरा चौकी इंचार्ज अभिषेक शुक्ला पुलिस लाइन भेजे गए। पिपरी थाना में रहे उप नि0 लाल साहब को चौकी इंचार्ज के बेनीराम कटरा बनाया गया। संदीपन घाट थाना में रहे उप निरीक्षक अवधराज को सराय अकिल थाना भेजा गया। हररायपुर चौकी प्रभारी रहे उप नि0 जयंत गुप्ता संदीपन घाट थाना भेजे गई। चौकी प्रभारी उदहिन बाजार आदित्य कुमार पुलिस लाइन भेजे गए। महेवघाट थाना में रहे उप नि0 अनुराग सिंह को चौकी इंचार्ज उद हिन बाजार बनाया गया। चौकी प्रभारी अलीपुरजीता रहे समरजीत वर्मा को पुलिस लाइन भेजा गया। कोखराज थाना में रहे कमलेश कुमार को चौकी इंचार्ज बेनिराम कटरा बनाया गया।

संदीपन घाट थाना अध्यक्ष भुवनेश चौबे पुलिस लाइन भेजे गए धीरेन्द्र सिंह कड़ा धाम थानाध्यक्ष बनाए गए आशुतोष सिंह कड़ा धाम से पश्चिम शरीरा थानाध्यक्ष बने पिपरी थाना अध्यक्ष रहे बृजेश करवरिया को पहले एसओजी प्रभारी बनाया गया था लेकिन बाद में उन्हें संदीपन घाट थाना प्रभारी बनाया गया है पश्चिम शरीरा थाना अध्यक्ष रहे दिलीप सिंह को कड़ा धाम थाना अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है थाना अध्यक्ष चरवा बलराम सिंह को चरवा से पिपरी थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई है आशुतोष सिंह को थाना अध्यक्ष पश्चिम शरीरा बनाया गया है तो उर्मिला सिंह को थाना प्रभारी कौशांबी की जिम्मेदारी दी गई है प्रमोद कुमार राय को मोहब्बतपुर पइंसा थाना की जिम्मेदारी तो जगदीश कुमार को चरवा थाना अध्यक्ष बनाया गया है। महिला उप निरीक्षक नीलम राघव को कौशांबी थानाध्यक्ष के पद से हटाकर महिला थानाध्यक्ष बनाया गया।

एसपी ने एसओजी प्रभारी सिद्धार्थ सिंह को संदीपन घाट थाना प्रभारी बनाया लेकिन फिर एसओजी प्रभारी के स्थानांतरण का आदेश वापस ले लिया है उन्हें फिर से एसओजी प्रभारी बना दिया गया है वही संदीपन घाट थाना प्रभारी रहे भुवनेश चौबे को पुलिस लाइन भेजा है।एसपी ने भरवारी चौकी प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह को पुलिस लाइन भेजा है वही मंझनपुर एसआई रहे अभिषेक गुप्ता को भरवारी चौकी प्रभारी बनाया है।

# लंबे समय से जमे जिला विकास अधिकारी भ्रष्टाचार को दे रहे बढ़ावा

अखंड भारत संदेश



**जमीनी हकीकत में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार दिखाई पड़ेगी तभी भाजपा सरकार की छवि स्वच्छ बनेगी**

**6 वर्षों से तैनात जिला विकास अधिकारी का स्थानांतरण कराए जाने के लिए जिला अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी और सांसद विधायक मंत्री ने भी योगी सरकार को पत्र लिख कर सिफारिश नहीं की**

**कौशाम्बी।** तीन वर्षों से अधिक समय से एक स्थान पर तैनात अधिकारियों का स्थानांतरण करने का शासन बार बार निर्देश दे रहा है लेकिन शासन के निर्देश के बाद भी 6 वर्षों से जिले में तैनात जिला विकास अधिकारी का स्थानांतरण नहीं हो सका है बताया जाता है कि सचिवालय स्तर पर इसकी लंबी पकड़ है जिससे इनका स्थानांतरण नहीं हो पा रहा है इनकी तैनाती में कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं लंबे समय से एक स्थान पर तैनात जिला विकास अधिकारी के कार्यकाल में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा है भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के कारनामों की जांच कराए जाने के बाद दोषी पाए गए लोगों पर निलंबन मुकदमा नोटिस और कार्यवाही की धमकी देकर उनसे धन वसूली हो रही है जिससे ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़े है और भ्रष्टाचार की पुष्टि होने के बाद रिकवरी नहीं हुई है सतीश चौधरी अर्चना सरोज सहित एक दर्जन से अधिक पंचायत सचिव भ्रष्टाचार के दोषी है जिन पर जांच के दौरान भ्रष्टाचार की पुष्टि भी हुई है लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर मुकदमा नहीं दर्ज कराया गया दोषी की गिरफ्तारी नहीं हुई दोषियों को निलंबित नहीं किया गया और कार्य से मुक्त नहीं किया गया बल्कि उन्हें वित्तीय अधिकार देकर के फिर भ्रष्टाचार का मौका दे दिया गया दोषियों को बर्खास्त करने की सिफारिश नहीं की गई बल्कि मुकदमा निलंबन और कार्यवाही का खौफ दिखाकर धन उगाही की गई है जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एक स्थान पर 6 वर्षों से जमे हैं इनकी जड़े इतना मजबूत हो गई है कि जिसे योगी सरकार भी नहीं हिला पा रही है ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार में जांच करने के बाद पंचायत सचिव को निलंबित करना नोटिस देना उसके बाद उनसे धन वसूली कर कई करोड़ रुपए की कमाई कर चुके हैं अकूत संपत्ति की जांच कर इन पर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है 6 वर्षों से जमे जिला विकास अधिकारी को जिला से हटाए जाने की जरूरत है लेकिन समय अवधि पूर्ण होने के बाद जिले में 6 वर्षों से तैनात जिला विकास अधिकारी का स्थानांतरण कराए जाने के लिए जिला अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी और सांसद विधायक मंत्री ने भी योगी सरकार को पत्र लिख कर सिफारिश नहीं की है जिससे यह बेलगाम दिखाई पड़ रहे हैं भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के कारनामे के चलते जनता को स्वच्छ प्रशासन नहीं मिल रहा है न्याय नहीं मिल रहा है योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है कार्य योजनाओं का लाभ आम जनता को नहीं मिल रहा है निर्माण कार्य बनते ही ध्वस्त हो रहे हैं जिससे आम जनता नाराज हो रही है और इसी का खामियाजा लोकसभा चुनाव में भाजपा को देखने को मिला है भ्रष्टाचार मुक्त सरकार का दावा करने वाली योगी सरकार को भ्रष्टाचार मुक्त सरकार बनाने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा जिससे जनता को न्याय मिल सके जमीनी हकीकत में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार दिखाई पड़ेगी तभी भाजपा सरकार की छवि स्वच्छ बनेगी क्योंकि जिले के विभिन्न विभागों में तैनात तमाम अधिकारी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं और उन पर सरकार कार्यवाही नहीं कर पा रही है।

### पराविधिक स्वयं सेवक के चयन के लिए साक्षात्कार 29 जून को

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सेवा) विनियम-2010 के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्यालय पर 10 पराविधिक स्वयं सेवकों को नामित किया जाना है। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्णिमा प्रांजल ने देते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,कौशाम्बी में पराविधिक स्वयं सेवक के चयन के लिए कार्यालय को अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त हैं। प्राप्त आवेदन पत्रों में पराविधिक स्वयं सेवक के चयन के लिए माननीय जनपद न्यायाधीश के निदेर्शानुसार दिनांक 29 जून 2024 को साक्षात्कार की तिथि सुनिश्चित की गई है। जिसमें समस्त आवेदक की उपस्थिति अनिवार्य है। पराविधिक स्वयं सेवक के चयन के लिए आवेदक अभ्यर्थी अपने मूल योग्यता प्रमाण पत्र के साथ नियत साक्षात्कार तिथि दिनांक 29 जून 2024 को अपरान्ह 03 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के कार्यालय में उपस्थित हो।

# विद्यालय प्रबंधक ने गुर्गों के साथ मिलकर छात्र को बंधक बनाकर छीन ली लग्जरी कार

अखंड भारत संदेश

**छात्र से छीनी गई लग्जरी कार का प्रयोग गांजा तस्करी में कर रहा है एक अभियुक्त**



**कौशाम्बी।** चित्रकूट जनपद के राजापुर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक छात्र को महेवाघाट थाना क्षेत्र के एक विद्यालय के भौकाली प्रबंधक द्वारा अपने गुर्गों के साथ मिलकर 20 दिनों पहले महेवा घाट थाना क्षेत्र के एक विद्यालय में बंधक बना लिया और छात्र से नगद रुपए जंजीर और उसकी लग्जरी कार के साथ उसकी चाबी छीनकर छात्र को वापस छोड़ दिया है 20 दिन से छात्र अपनी लग्जरी कार और सामान छिनैती की फरियाद लेकर थाना पुलिस से लेकर अधिकारियों की चौखट पर दौड़ लगा रहा है लेकिन विद्यालय प्रबंधक के दबदबा के आगे छात्र को न्याय नहीं मिल सका है। विद्यालय से होने वाली काली कमाई के हिस्से बटवारे को लेकर विद्यालय प्रबंधक का अपने पुत्रों से खींचतान चल रही है विद्यालय की काली कमाई जिस पुत्र के हाथ में लग गई वह उसे घोट जाता है पिता पूरी काली कमाई पर कब्जा बनाना चाहते हैं इसी काली कमाई के हिस्से बटवारे के खींचतान के चलते परिवार में महाभारत हो रही है विद्यालय प्रबंधक को आशंका है कि विद्यालय की काली कमाई को उसके पुत्र ने इस छात्र को दे दिया है और इसी आशंका के चलते छात्र का उत्पीड़न शुरू हो गया है और उसकी लग्जरी कार नगद रुपए जंजीर छीन ली गई है बदले में छात्र से साढ़े ग्यारह लाख रुपए की डिमांड की जा रही है पुलिस कुछ सुनने को तैयार नहीं है। बताया जाता है कि राजापुर थाना क्षेत्र के छात्र से छीनी गई लग्जरी कार का उपयोग एक अभियुक्त द्वारा गांजा तस्करी में किया जा रहा है विद्यालय प्रबंधक कब्जे में खड़ी इस कार से देर रात गाँजा की सप्लाई होती है विद्यालय प्रबंधक का साथ देने वाले इस अभियुक्त का इलाके में दबदबा है और उस पर पहले से भी कई संगीत मुकदमे दर्ज है।

# नियमानुसार टेंडर करने को तैयार अधिशासी अधिकारी का आखिर विरोध क्यों!

## नाजायज कार्यों का दबाव ना मानने से लाममंद सभासदों ने किया धरना प्रदर्शन



कौशांबी नगर पालिका परिषद मंझनपुर में अधिशासी अधिकारी अवर अभियंता और उनके कर्मचारियों पर कार्यों का लगातार नाजायज दबाव बनाया जा रहा है और नाजायज कार्यों का दबाव ना मानने पर अध्यक्ष से लेकर सभासद लामबंद हो गए हैं पर्दे के पीछे से नगर पालिका के अध्यक्ष बड़ी साजिश रच रहे हैं और सड़क पर सभासद हो हल्ला मचा रहे हैं नगर के बाधित विकास के पीछे अध्यक्ष जनता को गुमराह कर जनता की सहानुभूति लूटना चाहते हैं लेकिन यह जनता है और सब कुछ जानती है कि नगर पालिका में विकास और भ्रष्टाचार की जननी कौन है लेकिन नगर पालिका में सही काम करने वाले अधिकारियों पर साजिश रचकर फिर एक बार उनकी शिकायत कर उन्हें हटाए जाने की रणनीति तैयार हो रही है जिससे नगर पालिका में जायज नाजायज कार्यों पर अफसरों का हस्तक्षेप ना हो और मनमानी तरीके से कार्यों को करवाने में अध्यक्ष का अधिशासी अधिकारी और अवर अभियंता पर लगातार दबाव बना रहे अध्यक्ष के नाजायज दबाव को मानने से अधिशासी अधिकारी ने इनकार कर दिया जिसका नतीजा यह रहा कि सभासदों को गुमराह कर उन्हें धरना प्रदर्शन आंदोलन के लिए खड़ा कर दिया गया विकास कार्यों में धांधली का हवाला देते हुए जनता को गुमराह कर अपने उद्देश्य की सफलता लेने के लिए बड़ी साजिश रची जा रही है धरना प्रदर्शन में शामिल कई सभासदों को हकीकत की जानकारी न देकर उन्हें केवल उपयोग किया जा रहा है गलत तरीके से मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाए जाने का दबाव बनाया जा रहा है जिसकी मृत्यु नगर पालिका क्षेत्र में नहीं हुई है उसका मृत्यु प्रमाण पत्र नगर पालिका कैसे जारी कर दे।

गुरुवार को दर्जनों सभासदों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अधिशासी अधिकारी और अवर अभियंता के विरुद्ध नारे लगाते हुए जिला अधिकारी को पत्र दिया है सभासदों का आरोप है कि विकास कार्य बाधित है टेंडर नहीं कराई जा रहे हैं जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में पैसे की डिमांड की जा रही है इस संबंध में अधिशासी अधिकारी से बात की गई तो उनका कहना है कि गलत तरीके से मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का दबाव बनाया जा रहा है और गलत तरीके से मृत्यु प्रमाण पत्र न बनने पर उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है उन्होंने कहा कि टेंडर की प्रक्रिया गलत तरीके से कराए जाने का दावा बनाया जा रहा है जिस पर उन्होंने गलत तरीके से टेंडर करने से इनकार कर दिया है नियम के अनुसार टेंडर करने को तैयार अधिशासी अधिकारी का विरोध किया जा रहा है इस संबंध में जब बात की गई तो ईओ का कहना है कि टेंडर नियमानुसार किया जाएगा टेंडर प्रक्रिया के अभिलेखों की जांच कराई जा रही है जांच पूर्ण होने के बाद टेंडर कराए जाएंगे नाजायज दबाव में गलत कार्य नहीं किए जाएंगे और गलत फर्म को टेंडर स्वीकृत नहीं किया जाएगा जिससे पारदर्शी तरीके से नगर पालिका के विकास कार्य संचालित हो सके।

## न्यूज झरोखा

### जहरीले जंन्तु के दंश से किशोरी की मौत



**कौशांबी।** जिले के थाना पश्चिम सरीरा क्षेत्र के अमरुपुर गांव में बीती रात को लगभग 9 बजे किचन में खाना निकालने गई करिश्मा पुत्री अमरनाथ लोधी राजपूत को तभी जहरीले जंतु ने डंस लिया। तो करिश्मा जोर से चिल्लाई तो घर वालों को जानकारी हुई तो करिश्मा को आनन फानन इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया मौत की सुचना पाते ही परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार बेहद ही गरीब है। उस पर एक बेटी के मौत का भी सदमा मिल गया। बाद में जंतु को पकड़ भी लिया गया और जंगल विभाग के हवाले कर दिया गया।

### सड़क जाम करने वाले रिक्शा चालकों व बाइक सवारो को पैदल गस्त के दौरान पुलिस ने दी कड़ी हिदायत



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाल ने क्षेत्र के चाकवन चौराहे में पैदल गस्त कर बाजार में सभी राहगीरों व संदिग्ध लोंगो की गाड़ी चेक किया और पुलिस ने वाहन चालकों के कागजात की जॉच कर पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लिया और पुल को वाहन स्टैंड बनाने वाले ई रिक्शा चालकों के पुनः सख्ती के साथ चेतावनी दी और जांच कर उन्हें जाम लगाने पर कठोर कार्यवाही करने की चेतावनी पर छोड़ा चाकवन चौराहे में बाजार में भीड़ से आम जनता को जाम से निजात दिलाई गयी जिससे आने जाने वाले राहगीरों ने पुलिस प्रशासन की सराहना किया।

### एयरपोर्ट से फोरलेन मार्ग के प्रतिकर का भुगतान कोषागार के माध्यम से प्राप्त करें परिसम्पत्ति धारक

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री की घोषणा से आच्छादित कौशाम्बी पर्यटन स्थल को प्रयागराज मुख्यालय वाया एयरपोर्ट से फोरलेन से जोड़ने संबंधी मार्ग के संरेखण में पड़ने वाली परिसम्पत्तियों का प्रतिकर मण्डलायुक्त, प्रयागराज द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। प्रतिकर का भुगतान कोषागार के माध्यम से परिसम्पत्ति धारक को किया जाना है। यह जानकारी अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 दया शंकर ने देते हुए तहसील सदर प्रयागराज के राजस्व ग्रामों-भीखपुर मेडवारा, शेखअलीपुर, अकबर पुर एवं तहसील चायल-कौशाम्बी के राजस्व ग्रामों-कसेंदा, फतेहपुर शहाबपुर, मखऊपुर, पेरई, कोटियो, अमिरसा, डहिया, जयन्तीपुर, तरनी, बसुहार, कूरा ता० बसुहार, बरई उर्फ सरांय अकिल, फकीराबाद, घोसिया, चित्तापुर, हर्रायपुर तथा तहसील मंझनपुर-कौशाम्बी के राजस्व ग्रामों-रक्सराई,मढ़ी, बारा, जाठी, बैगवां फतेहपुर, कोसमइनाम के परिसम्पत्ति धारको को सूचित किया है कि निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, कौशाम्बी द्वारा परिसम्पत्तियों के प्रतिकर वितरण के लिए खण्डीय कार्यालय अथवा साइट पर खोले गये अस्थायी कार्यालय विकास हॉस्पिटल के सामने, करन चौराहा, सरांय अकिल में प्रातः 10 बजे से लेकर शायं 05 बजे तक आवश्यक प्रपत्र यथा-परिसम्पत्ति के साथ परिसम्पत्ति धारक की फोटो, राष्ट्रीय कृत बैंक पासबुक की पठनीय छायाप्रति अथवा निरस्त चेक, 10 रुपए के स्टाम्प पर नोटराइज्ड शपथपत्र एवं परिसम्पत्ति का साक्ष्य उपलब्ध करा दें, ताकि प्रतिकर की धनराशि का भुगतान किया जा सकें। इसके साथ-साथ मार्ग (लो०नि०वि० की भूमि) पर किये गये अवैध अतिक्रमण को हटा लिया जाय। मार्ग के संरेखण में पड़ने वाली भूमि का समझौते के आधार पर रजिस्ट्री का कार्य कराया जा रहा है, सहमत कास्तकार शीघ्रातिशीघ्र रजिस्ट्री के लिए समझौता प्रपत्र हस्ताक्षरित करते हुए जमा कर रजिस्ट्री कर दें। असहमत कास्तकारों की भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम-2013 के अन्तर्गत प्रस्तावित की जा रहीं हैं।

## संपादक की कलम से

# संसद में आई नयी जान

संविधान का मुद्दा जनता के बीच ले जाने का कितना सकारात्मक असर हुआ है, इस बात को विपक्ष भली-भांति समझता है, इसलिए संसद के पहले दिन इंडिया गठबंधन के सभी सांसदों के हाथों में संविधान की प्रति थी और सदन में प्रवेश के पहले संविधान दिखाकर विपक्ष ने उद्घोष कर दिया कि इस बार सत्ता का तानाशाही रवैया नहीं चलेगा, प्रधानमंत्री और उनकी सरकार को संविधान के अनुरूप ही कार्य करना पड़ेगा।

18वींलोकसभा के लिए हुए चुनाव, 4 जून को आए चुनाव परिणाम और फिर 24 जून से शुरू हुए संसद के विशेष सत्र में जिस तरह के नजारे देखने मिल रहे हैं, उन्हें देखकर कहा जा सकता है कि भारत के लोकतंत्र में नयी जान फूंक दी गई है और वो भी संविधान के मंत्र को पढ़कर। पाठक जानते हैं कि इन चुनावों में संयुक्त विपक्ष ने संविधान बचाने को मुख्य मुद्दा बनाया और भाजपा की तमाम कोशिशों के बावजूद इस मुद्दे को नहीं छोड़ा। भाजपा के स्टार प्रचारक के तौर पर नरेन्द्र मोदी ने मुस्लिम लीग, मंगलसूत्र, भैंस, नल की टोंटी, सावन में मटन और मछली जैसी सारी बातें कीं, लेकिन जनता से जुड़े बुनियादी मुद्दों पर बात नहीं की। जब उन्हें लगा कि संविधान के नाम पर विपक्ष जनता के बीच बढ़त बना रहा है तो उन्होंने जुबानी जमाखर्च की तरह कह दिया कि संविधान को खुद बाबा साहेब भी खत्म नहीं कर सकते। लेकिन न उनके, न किसी और भाजपा नेता के चुनाव प्रचार में संविधान को सर्वोपरि रखने का भाव नजर आया। नतीजा यह हुआ कि इस बार विपक्ष को बड़ी जीत हासिल हुई। जिस विपक्ष को पिछले 10 सालों में सदन में एकदम उपेक्षित और काफी हद तक प्रताड़ित महसूस होता था, वह विपक्ष इस बार नयी उर्जा और ऊष्मा के साथ सदन में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

संविधान का मुद्दा जनता के बीच ले जाने का कितना सकारात्मक असर हुआ है, इस बात को विपक्ष भली-भांति समझता है, इसलिए संसद के पहले दिन इंडिया गठबंधन के सभी सांसदों के हाथों में संविधान की प्रति थी और सदन में प्रवेश के पहले संविधान दिखाकर विपक्ष ने उद्घोष कर दिया कि इस बार सत्ता का तानाशाही रवैया नहीं चलेगा, प्रधानमंत्री और उनकी सरकार को संविधान के अनुरूप ही कार्य करना पड़ेगा। नरेन्द्र मोदी को भी संविधान की इस ताकत का अहसास है, इसलिए इस बार जब उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए एनडीए की ओर से चुना जा रहा था तो इसके पहले उन्होंने संसद में रखी संविधान की प्रति को सिर माथे से लगाया। हालांकि जब 24 जून को श्री मोदी सांसद की शपथ ले रहे थे तो उसी दौरान राहुल गांधी, अखिलेश यादव जैसे कई सांसदों ने पहली पंक्ति में बैठकर संविधान की प्रति उन्हें दिखाई और तब श्री मोदी थोड़े से विचलित नजर आए। दरअसल विपक्ष ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अब वो सदन में संविधान के उसूलों से भटककर कार्य करने की मोहलत सरकार को नहीं देगा। शायद नरेन्द्र मोदी के परेशान दिखने की यही वजह हो।

बहरहाल, 18वीं लोकसभा के संसद के इस विशेष सत्र को इसलिए भी बरसों-बरस याद रखा जाएगा, कि किस तरह सांसदों ने अलग-अलग अंदाज में शपथ ग्रहण की। संसद में इससे पहले कभी कोई सांसद साइकिल या बैलगाड़ी में पहुंचा या किसी ने पारंपरिक वेशभूषा धारण की, तो उसी की चर्चा हो जाया करती थी। लेकिन किस सांसद ने किस अंदाज में शपथ ली, इस पर शायद ही किसी का ध्यान गया हो। अब तक अमूमन सभी सांसद एक ही तरह से शपथ लेते आए हैं, बस भाषा या शैली का थोड़ा फेरबदल हो जाया करता था। इस बार संसद की यह परिपाटी भी बदल गई। नरेन्द्र मोदी को विपक्षी सांसदों ने उनके शपथग्रहण के दौरान संविधान की प्रति दिखाई, तो वहीं असम के धुबरी से रिकार्ड 10 लाख मतों से जीत हासिल करने वाले कांग्रेस सांसद रकीबुल हसन ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर शपथ ली। इसके बाद और भी सांसदों ने ऐसा ही किया। इसके साथ ही इस बार विभिन्न सांसदों ने शपथ लेने के बाद जो नारे लगाए, वो भी दिलचस्प रहे। इमरान मसूद ने शपथ लेने के बाद जय हिंद, जय भीम कहा, उनके बाद सपा के कई सांसदों ने ऐसा ही किया और समाजवाद जिंदाबाद, पीडीए जिंदाबाद कहा। फैजाबाद से जीते अवधेश पासी न केवल पहली बेंच पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव के साथ बैठे, बल्कि उन्होंने शपथ लेने के बाद समाजवाद, अखिलेश यादव और मुलायम सिंह यादव सभी के लिए जिंदाबाद कहा। महुआ मोईत्रा जब शपथ लेने आई तो सदन में उनके समर्थन में नारे लगने लगे, जो विपक्ष की ओर से सरकार को इस बात का जवाब था कि पिछली लोकसभा में जिस तरह अडानी पर तीखे सवाल दागने वाली महुआ मोईत्रा की संसद सदस्यता छीन ली गई थी, वैसा अब नहीं हो पाएगा। जनता ने महुआ मोईत्रा को जिताकर भाजपा को गलत साबित कर दिया है। राहुल गांधी ने जब शपथ ली तो उस दौरान सदन में भारत जोड़ो के नारे लगते रहे। राहुल गांधी के हाथ में भी संविधान की लाल कवर वाली प्रति थी। वहीं अखिलेश यादव ने संविधान की नीले कवर वाली प्रति हाथ में रखी थी। जब सपा सांसद जितेंद्र दोहरे शपथ लेने गए तो उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव दोनों से उनकी संविधान की प्रतियां लीं। अमेठी से स्मृति ईरानी को हराकर कांग्रेस की जीत दर्ज कराने वाले सांसद किशोर लाल शर्मा जब शपथ लेने उठे तो सदन में खुशी का शोर साफ सुनाई दे रहा था।

## इंडिया ब्लॉक के लिए अगले तीन महीने महत्वपूर्ण

**– नित्य चक्रवर्ती**

लोकसभा चुनाव में मिली सीमित सफलताओं से विपक्ष के पास आराम करने का समय नहीं बचा है। राज्य विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। इन चुनावों के नतीजे मोदी सरकार की स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण होंगे। इस साल के अंत तक महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है। इसके बाद 2025 में दिल्ली और बिहार में चुनाव होंगे। 24 जून को 18वीं लोकसभा का प्रथम सत्र शुरू हुआ, जिसमें तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी और एनडीए गठबंधन का नेतृत्व कर रही उनकी पार्टी भाजपा के लिए दो अशुभ संकेत मिले। पहला, देश के सभी क्षेत्रों के लाखों छात्रों से जुड़ी नीट परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक होने का बड़ा घोटाला और दूसरा अयोध्या में नये मंदिर की छत से पानी का रिसाव, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री ने इस साल 22 जनवरी को किया था। राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने उसी दिन शिकायत की, जिस दिन प्रधानमंत्री अपने भाजपा संसद सदस्यों को नयी सरकार के कार्यक्रम के बारे में संबोधित कर रहे थे।

विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए, पहला दिन भारतीय संविधान की प्रति लेकर मोदी सरकार की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन के रूप में चिह्नित किया गया था क्योंकि संविधान की रक्षा 2024 के लोकसभा चुनावों में इंडिया के घटकों के चुनाव अभियान का मुख्य बिंदु था। मौजूदा सत्र में भी विपक्षी दल नरेंद्र मोदी शासन के पिछले दस वर्षों में हुए लोकतंत्र के पिछड़ने की प्रक्रिया को उलटने के लिए संघर्ष करेंगे। वास्तव में, संयुक्त विपक्ष के लिए, वर्तमान अवधि न केवल लोकसभा चुनावों में हासिल की गयी बढ़त को मजबूत करने के लिए बल्कि इंडिया ब्लॉक का विस्तार करने के लिए भी एक अच्छा समय है, जिसमें कुछ और राजनीतिक दल शामिल हैं जो 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद खुद को भाजपा से दूर कर रहे हैं, भले ही वे हाल के वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन करते थे।

तात्कालिक महत्व की पार्टी है ओडिशा का बीजू जनता दल (बीजेडी), जिसे 2024 के लोकसभा चुनावों में लोकसभा में कोई सीट नहीं मिली और विधानसभा चुनावों में भी भाजपा ने उसे हरा दिया। बीजद सुप्रीमो नवीन पटनायक ने चुनाव के बाद की स्थिति की गहन समीक्षा की है। उन्होंने भाजपा के साथ अपनी पिछली सहमति को खत्म करने का फैसला किया है और अपने नौ राज्यसभा सांसदों को विपक्ष के साथ समन्वय करने और नीतियों पर नरेंद्र मोदी सरकार से लड़ने का निर्देश दिया है।

# राहुल गांधी का कद भी बढ़ा एवं राजनीतिक कौशल भी

**ललित गर्ग**



राहुल गांधी लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता बन गये हैं, यह उनका पहला संवैधानिक पद है, इससे पहले वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। इस बड़े पद के साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ जायेंगी। दस वर्षों बाद लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद मिला है। वैसे इस बार के चुनाव एवं चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद राहुल गांधी का न केवल आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि उनमें राजनीतिक कौशल एवं परिपक्वता भी देखने को मिल रही है, इससे यह प्रतीत होता है कि वे प्रतिपक्ष नेता के पद के साथ न्याय करते हुए अपनी राजनीति को चमकायेंगे एवं रसातल में जा चुकी कांग्रेस को सुदृढ़ करेंगे। वैसे देखा गया है कि प्रतिपक्ष के नेता बनने वाले अधिकांश लोग प्रधानमंत्री तक पहुंचे हैं। लेकिन राहुल गांधी को इसके लिये अभी लम्बा संघर्ष करना होगा, परिपक्व राजनीति एवं देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को साबित करना होगा। निश्चित ही राहुल गांधी का कद बढ़ा है और अब वे स्वल्प समय में ही कद्दावर नेता की तरह राजनीति करने लगे हैं। राहुल को देशभर में निकाली यात्राओं एवं चुनाव प्रचार में निभाई सशक्त भूमिका ने मजबूती दी है। राहुल की राजनीति को चमकाने में कन्याकुमारी से कश्मीर तक की ह्यभारत जोड़ो यात्राह्न के अलावा मणिपुर से मुंबई तक की ह्यभारत जोड़ो न्याय यात्राह्न की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अब प्रतिनेता के रूप में उनकी एक नई यात्रा शुरू हो रही है जो उन्हें नई राजनीतिक ऊंचाई दे सकती है।

देश को 10 साल बाद राहुल गांधी के रूप में विपक्ष का नेता मिला है, जो संसदीय राजनीति के लिए एक अच्छी खबर है। इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी एवं जनता की आवाज को जोरदार तरीके से उठाने एवं सरकार की नीतियों-योजनाओं पर तीखी नजर रखने एवं प्रभावी सवाल उठाने की स्थितियों को बल मिलेगा। लेकिन विपक्ष की नुमाइंदगी का मतलब यह नहीं कि वह हर मामले में सत्ता पक्ष के खिलाफ हो, बल्कि यह है कि वह हमेशा जनता के साथ हो और उसकी ओर से मुद्दे उठाए। नेता प्रतिपक्ष पद से सरकार के साथ ही विपक्ष पर भी जवाबदेही का दबाव बढ़ता है। राहुल की सुविधाएं बढ़ने के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ गयी है। 16वीं और 17वीं लोकसभा में कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों के पास इस पद के लिए आवश्यक 10 प्रतिशत सदस्य नहीं थे। कांग्रेस ने इस बार लोकसभा चुनाव में 99 सीट जीतकर इस पद को हासिल किया है। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी केंद्रीय सतर्कता आयोग, केंद्रीय सूचना आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार से जुड़े चयन के अलावा लोकपाल, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक जैसी प्रमुख नियुक्तियों पर महत्वपूर्ण पैनल के सदस्य भी होंगे। प्रधानमंत्री इन पैनल के प्रमुख होते हैं। नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी को लोकसभा में पहली पंक्ति में सीट मिलेगी। यह सीट डिप्टी स्पीकर की सीट के बगल वाली होगी। इसके अलावा संसद भवन में सचिवीय तथा अन्य सुविधाओं से युक्त एक कमरा भी मिलेगा। विपक्ष के नेता को औपचारिक अवसरों पर कुछ विशेषाधिकार भी प्राप्त होते हैं। एक केन्द्रीय मंत्री को मिलने वाली सभी सुविधाएं राहुल गांधी को मिलेगी।

राहुल गांधी इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह लोकसभा में केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के अमेठी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह पांचवीं बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव ने कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवन दिया है। इस बार के चुनाव परिणाम ने कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल को मनोवैज्ञानिक लाभ पहुंचाया है, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है। इससे कांग्रेस ने अपना आत्मविश्वास फिर से पा लिया है, जो कोई छोटी बात नहीं। और यह राहुल और प्रियंका गांधी की गतिविधियों में साफ झलकता है। साथ ही, अब इस बात को लेकर भी कांग्रेस में कोई दुविधा नहीं रह गई है कि गांधी परिवार ही सर्वोच्च है और पार्टी पर उसका पूरा नियंत्रण होगा। इसका यह भी मतलब है कि टीम-राहुल का सभी मामलों में फैसला अंतिम होगा।

पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद संभालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती होगी कि वह किस तरह पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलते हुए रचनात्मक विरोध की भूमिका को आकार देते हैं। कांग्रेस का सबसे बड़ा काम दलित और पिछड़े मतदाताओं ने यूपी में जो उनकी मदद की है, उनका विश्वास बनाए रखने का है। यह बड़ी सचाई है कि आज भी देश के महत्त्व के राज्यों में भाजपा को क्षेत्रीय दल शिकस्त दे रहे हैं। अगर क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस का गठजोड़ बना रहे, तो ही भाजपा पर दबाव आएगा। बड़ा सच यह भी है कि न भाजपा बदली है ना उसकी विचारधारा। भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी को भले ही चुनावों में पूर्ण बहुमत न मिला हो, लेकिन वह ही आज ताकतवर है। यह भी समझना होगा कि भाजपा विपक्ष की ताकत से नहीं, बल्कि सरकार की बड़ी गलतियों एवं पार्टी के अति उत्साह से नुकसान में पहुंची है।

यह भी एक तथ्य है कि मुस्लिमों के सक्रिय-समर्थन के बिना कांग्रेस को कामयाबी नहीं मिल सकती थी। निश्चित ही मुसलमानों के वोट की अहमियत कुछ-कुछ सीटों पर हार-जीत का फैसला कर गई है। भाजपा अपनी आगे की रणनीति इसी आधार पर बनाएगी और वो पिछले चुनावों के जैसी ही होगी। मतलब कि भाजपा कोई नई भाषा नहीं बोलने वाली है। वह आरोप लगाती रहेगी कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण करती है। कांग्रेस के सामने चुनौती होगी कि वो इस आरोप को अपने पर आने न दे, ताकि भाजपा हिंदुओं के हितों की एकमात्र रक्षक है, ऐसा दावा ना कर सके। कांग्रेस को इस हिंदू-मुस्लिम राजनीतिक बवंडर से बचने के लिये अपनी रणनीति को बनाना होगा। बिना हिन्दू वोट के कांग्रेस सफल राजनीतिक पारी नहीं खेल सकती है। इसके साथ ही कांग्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सफलता और निष्फलता का सही आकलन कर लेना जरूरी है। जनता के समक्ष अपना आत्मविश्वास बढ़ाए रखना अच्छी बात है, लेकिन मोदी आज जिस जमीन पर खड़े हैं, जनता के बीच उनकी जो स्वीकार्यता है उसका सही आकलन करना कांग्रेस की आगे की रणनीति के लिए बेहद जरूरी होगा।

राहुल गांधी सदन में विपक्ष की मजबूत आवाज बनकर उभरेंगे, इसमें सन्देह नहीं है। पक्ष एवं विपक्ष के बीच एक संतुलन बनना लोकतंत्र की खूबसूरती है एव अपेक्षा भी है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में विपक्ष के नेता की प्रमुख भूमिकाओं में से एक सरकार की नीतियों पर ह्यप्रभावीह्न सवाल उठाना है। विपक्ष के नेता की भूमिका वास्तव में बहुत चुनौतीपूर्ण होती है क्योंकि उसे सरकार की विधायिका और जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करनी होती है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्हें सरकारी प्रस्तावों-नीतियों के विकल्प प्रस्तुत करने होते हैं। निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष अलग एवं ऊंचे स्तर पर अपने तेवर दिखा सकता है। सरकार के लिए कोई भी बिल पास कराना अब इतना आसान नहीं होगा। मोदी की स्थिर सरकार देने की जद्दोजहद के बीच मोदी और राहुल के बीच की टकराव की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता है, लेकिन बावजूद इसके सदन में सकारात्मक वातावरण बना रहना भी जरूरी है। स्थिर सरकार देश की बड़ी जरूरत है, राजनेताओं से उम्मीद की जाती है कि एक बार जनादेश आने के बाद वे चुनावी दौर की कड़वाहट एवं आरोप-प्रत्यारोप की छिछालेदार राजनीति को भुलाते हुए जनता के हित में मिलकर काम करें। इस बार भी चुनाव में अपनी-अपनी पार्टियों के प्रचार की अगुआई करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने एक-दूसरे पर खूब हमले बोले हैं। अब उन बातों को पीछे छोड़ते हुए उन्हें बेहतर तालमेल वाले कामकाजी रिश्ते कायम करते हुए देशहित को सामने रखना होगा। राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठना होगा। प्रेषक

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन,**

# भ्रष्टाचार के जाल में आंधियां पिस रही हैं !

तापमान गजब ढा रहा है। चर्चा 'फ्रीज' की होनी चाहिए लेकिन फ्रीज नहीं आजकल 'ब्रिज' काफी चर्चा में हैं। अजी ! 'ब्रिज' मतलब 'पुल'। अंग्रेजी में डिटेल से समझाएं तो 'ब्रिज' का मतलब होता है - 'एक नदी, खड्ड, सड़क, रेलमार्ग या अन्य बाधा के पार सड़क, पथ, रेलमार्ग या नहर ले जाने वाली संरचना।' खैर, यह तो रही ब्रिज की डिटेल की बात। और डिटेल्ड बात यह है कि बरसात आने से पहले ही बेचारे 'पुल'(ब्रिज) धड़ाधड़ 'पुल'(टूटना, उखड़ना) हो रहे हैं। बेचारा 'विकास' तो पानी में बह गया, लेकिन यह 'विकास' कहने को बहुत कुछ कह गया। अजी ! पुल बनाकर कंक्रीट की दीवार खड़ी करना क्या प्रकृति के साथ विश्वासघात नहीं है। ऐसे में तो पुल का टूट जाना ही लगता हमें सही है। पुल को भी प्रकृति का खूब ख्याल है, पुल टूटने पर फिर मच रहा क्यों बवाल है ? खैर, हाल फिलहाल, एक, दो, तीन; 'पुल' गये छीन। क्यों कि सीमेंट, बजरी, ग्रीट, सरिये से ये थे पूर्णतया 'हीन'। घटिया सामग्री की इनमें रही आवक, इसीलिए तो पुल बन गए जल्दी 'जावक'। निर्माण में नियम-कानून रखे ताक पर। गिरे पुलों को आपने भी देखा होगा टीवी पर जरा झांक कर। पुल हों या सड़कें, दीवारें हों या फ्लैट। आमजन के हितों को कर रहे मटियामेट। अच्छा चलता है ठेकेदारों की कमीशनखोरी का धंधा। अजी ! शेष जगह है मंदा ही मंदा। मोटा मुनाफा और रहती इनमें ठेकेदारों की मनमानी, इसीलिए ढ़हते पुल, सड़कें भरी जवानी। उद्घाटन तक भी ये नहीं पहुंच पाते। उससे पहले ही भरभराकर गिर जाते। निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री की खुल रही पोल। मीडिया को मिला मौका, बज रहा है 'ब्रिज' का ढ़ोल। आमजन माथे पर हाथ मारे। भ्रष्ट अधिकारी पकड़े जाएंगे क्या अब सारे ? हर तरफ है मिलीभगत का खेल। क्या जाएंगे दोषी अब जेल ? घटिया सामग्री के इस्तेमाल का कच्चा चिट्ठा खुल गया। पानी आने से पहले ही बेचारा 'ब्रिज' डर गया। ताज्जुब है, अब तो तेज हवाएं भी पुल गिराने लगीं हैं। हमें डर है कि कहीं कल को बिछी सड़क को तेज हवाएं न उड़ा ले जाएं। भ्रष्टाचार के गुल में आजकल बेचारी आंधियां तक पिस रहीं हैं। यह कलियुग है जनाब, इसे लिखते हुए कलम भी हंस रही है। अजी !पुल गिरने को तो कम से कम 'एक्ट आफ गाड मत कहना। यूं जज्बातों में न बहना। सच तो सच रहेगा, इसलिए सच को सच ही कहना। नदी और पानी का न इसमें झोल है। अजी ! करोड़ों की लागत से बनते हैं सड़कें और पुल, इनका बड़ा मोल है। ज्योतिषी कह रहे हैं कि पुल को लगा है तगड़ा कोई वास्तुदोष। हम यूं ही दे रहे निर्माण कार्यों में गड़बड़ी को दोष। पहले पूजा-पाठ करवाओ और बाद में पुल, सड़कें तुम बनाओ। अजी चर्चा में वास्तु को लाना भी तो जरूरी है, क्यों कि बिना वास्तु को बीच में लाए, ज्योतिषियों का काम कैसे चलेगा। अन्यथा ऐसी घोर बेरोजगारी के इस दौर में वह तो हाथ ही मलेगा। काम धंधा बहुत ही जरूरी है, आखिर इस जीवन को भी तो आगे चलाना है। पुल गिरेंगे तभी तो नाव वालों का धंधा चलेगा और उनका परिवार भी फलेगा-फूलेगा। आप ज?ा इस विश्व में ग्लोबल वार्मिंग की समस्या को भी समझें। यूं ही पुल(ब्रिज) गिरने के चक्कर में न उलझें। पुल का पिलर ग्लोबल वार्मिंग से ही पिघला है, आप क्यों नहीं हैं मानते ? क्या ग्लोबल वार्मिंग के इफेक्ट्स के बारे में आप तनिक भी नहीं हैं जानते।

**सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।**
**मोबाइल 9828108858**

# इक सुन्दर सपना आखिर टूट ही गया

**@ राकेश अचल**

सपनों का टूटना मनुष्य जीवन का सबसे दुखद पहलू है। ईश्वर ने मनुष्य को ये सुविधा दी है कि वो सोते-जागते स्वप्न देखे, उन्हें साकार कर, उन्हें टूटने न दे, लेकिन कहते हैं कि ईश्वर एक हाथ से वरदान देता है तो दूस्सरे हाथ से उसे छीन भी लेता है। सबसे बड़ा उदाहरण 'भस्मासुर' का है। 44 साल पहले राम जी का नाम लेकर गठित भाजपा के तत्कालीन नेतृत्व का ही नहीं बल्कि मौजूदा नेतृत्व का भी एक ही सुन्दर सपना था कि देश कांग्रेस-विहीन हो जाये, लेकिन 2024 के आम चुनाव में भाजपा का ये सुन्दर सपना बुरी तरह से टूट गया है। देश कांग्रेस विहीन तो नहीं हुआ उलटे कांग्रेस के हिस्से में लोकसभा के विपक्ष के नेता का पद और आ गया।

भाजपा के इस सुन्दर सपने में रंग भरने के लिए भाजपा के छोटे से लेकर हर बड़े कार्यकर्ता ने हाड-तोड़ श्रम किया। लालकृष्ण आडवाणी से लेकर अटल बिहारी बाजपेयी तक इसमें लगे रहे, किन्तु आक्रामकता और स्पष्ट लक्ष्य के साथ मोशा की जोड़ी आगे बढ़ी। इस जोड़ी ने 2014 में कांग्रेस को जमीन पर ला पटका, लेकिन 2019 के आम चुनाव ने फिर से अंगड़ाई ली और उठ खड़ी हुई। 2024 के आम चुनाव में तो कांग्रेस ने कमाल ही कर दिया। आज कांग्रेस के पास सत्ता का नेतृत्व तो नहीं है, लेकिन एक मजबूत विपक्ष का नेतृत्व अवश्य है।

भाजपा का सपना टूटते देख मुझे वेदना होती है। किसी का भी सपना टूटते देख मै द्रवित हो जाता हूँ। भाजपा के मामले में तो मुझे रामचरित मानस की वो चौपाई अक्सर याद आ जाती है -

जस-जस सुरसा बदन बढ़ावा।
तासु दून कपि रूप दिखावा।।

भाजपा ने पिछले एकदशक में कांग्रेस को मिटटी में मिलाने के सौ जतन किये लेकिन कांग्रेस मरी नहीं, मिटी नहीं। कांग्रेस एक कोशीय अमीबा की तरह मर-मरकर जीवित होती रही। कांग्रेस के मौजूदा नेता राहुल गांधी ने भाजपा के एक दशक के शासनकाल में सबसे जायदा सहा। मुकदमें झेले, संसद की सदस्ता गंवाई, फिर अदालत के हस्तक्षेप से वापस पाई। सरकारी मकान छोड़ा। अठारह-अठारह घंटे तक जांच एजेंसियों के सामने बैठकर पूछताछ का सामना किया। भाजपा की सरकार लेकिन राहुल गांधी को जेल नहीं भेज पाई। जबकि उसके लिए ऐसा करना बहुत कठिन नहीं था। आज स्थिति ये है कि राहुल तमाम अग्निपरीक्षाओं को उत्तीर्ण कर कुंदन की तरह बाहर निकले हैं। आज संसद में वे लोकसभा अध्यक्ष, सदन के नेता के बाद तीसरे नंबर पर जब खड़े होते हैं तो कांग्रेस को नेस्तनाबूद करने का सपना देखने वालों की नजरें शर्म से नीचे झुक



जाती हैं।


कांग्रेस का इस देश से पुराना नाता है, भाजपा से भी रिश्तेदारी किये देश को आधी सदी होने वाली है। भाजपा भी, कांग्रेस की तरह एक विचारधारा की पोषक पार्टी है। देश में पहले भी विचारधाराओं पर आधारित कैडर वाले राजनीतिक दल हुए हैं, लेकिन कांग्रेस और भाजपा के विचरों जैसी पुख्तगी किसी और दल में नजर नहीं आती। एक जमाने में सबसे मजबूत विचार देने वाले वामपंथी भी आज हासिये पर है। वे कांग्रेस की तरह उठ खड़े होने में कामयाब नहीं हुए, हालाँकि उन्होंने आज भी अपना रास्ता नहीं छोड़ा और वे आज भी साम्प्रदायिकता के खिलाफ हर लड़ाई में बराबर से खड़े नजर आते हैं।

सवाल ये है कि अब जब कांग्रेस पहले से दोगुनी ताकत के साथ अपने सहयोगियों के साथ लोकसभा में मौजूद है तो भाजपा के कांग्रेस विहीन सपने का क्या होगा ? क्या आने वाले पांच साल में सत्तारूढ़ भाजपा अपने सहयोगी दलों कि साथ देश को कांग्रेस विहीन करने कि अभियान में फिर जुटेगी ? भाजपा कि लिए कांग्रेस को नेस्तनाबूद करने की लड़ाई अब तक जितनी आसान रही उतनी भविष्य में शायद न हो, क्योंकि उसके प्रमुख सहयोगी दल तेलगू देशम पार्टी और जनता दल यूनाइटेड ने कभी देश को कांग्रेस विहीन करने का न नारा दिया और न ही ऐसे किसी अभियान का हिस्सा बनी। मौका आने पर ये दोनों दल कांग्रेस के साथ खड़े नजर आये। भविष्य में भी इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि ये दोनों दल आगे भी भाजपा का साथ निभाएंगे ? हकीकत ये है कि इस देश को आजादी से पहले भी कांग्रेस की जरूरत थी और आजादी कि बाद भी जरूरत रही। ये बात और है कि महात्मा गाँधी ने आजादी मिलने कि बाद कांग्रेस को भंग करने की बात कही थी। महात्मा गाँधी का मन न रखकर कांग्रेस के नेताओं ने हालाँकि ठीक नहीं किया, कांग्रेसी भी जनसंघ की तरह कांग्रेस का कोई दूसरा नाम रखकर काम चला सकते थे, लेकिन जो नहीं होना होता, सो नहीं होता। कांग्रेस एक शताब्दी से ज्यादा समय के बाद देश सेवा में उसी तरह सन्नद्ध है जैसे कि भाजपा आज है। भाजपा को कांग्रेस राष्ट्रद्रोही लगती है ये और बात है। जिस दिन भाजपा की मान्यता को इस देश की जनता की मान्यता भी मिल जाएगी, उस दिन कांग्रेस समाप्त हो जाएगी। किन्तु ये दिन शायद कभी आएगा नहीं।

लोकसभा में अध्यक्ष के चुनाव के समय कांग्रेस ने एक बार फिर गाम्भीर्य के साथ ही अपनी राजनीतिक परिपक्वता का मुजाहिरा किया। कांग्रेस यानि इण्डिया गंठबंधन ने आपने प्रत्याशी के सुरेश के नाम की घोषणा के बाद मतदान की जिद नहीं की। लोकसभा अध्यक्ष का सर्वसम्मत चुनाव करने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा और उसके गठबंधन ने कांग्रेस और आईएनडीआईए का आभार मानने के बजाय चुनाव के तुरंत बाद अपना असली रंग दिखा दिया। लोकसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने जिस तरह से नवनिर्वाचित सदस्यों को हड़काने की कोशिश की उससे जाहिर है भाजपा के नेताओं, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष की चाल, चरित्र और चेहरे में कोई बदलाव नहीं आया है। वे लोकतंत्र की गरिमा का ख्याल रखने के लिए तैयार नहीं है। नवनिर्वाचित लोकसभा अध्यक्ष भूल रहे हैं कि उनके सामने जो विपक्ष है वो 'कुम्हण बतियाँ नहीं है जो किसी की तर्जनी देखकर कुम्हला जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष के साथ जनादेश से आये एक नहीं सैकड़ों लक्ष्मण खड़े हैं जो राउर [विपक्ष कि नेता ] का अनुशासन [आज्ञा ] पाकर पूरी लोकसभा को गेंद के समान अपने हाथों पर उठा सकते हैं।

बैशखियों कि सहारे खड़ी भाजपा सरकार कि लिए अवसर है कि वो देश की जनता की आकांक्षाओं को समझे और समन्वय के साथ सरकार चलाये। विपक्ष को लोकसभा के उपाध्यक्ष का पद सहर्ष सौंपे। दुनिया में देश की पहचान को धब्बा लगाने के लिए कीचड़ में खड़े होकर सियासत करना ठीक नहीं है। देश को अदावत की राजनीति से मुक्ति चाहिए। यदि ऐसा न हुआ तो अगले चुनाव में देश की जनता अपना निर्णय फिर बदल सकती है। अभी उसने भाजपा से उसका कवच -कुंडल छीना है मुमकिन है कि भविष्य में वो उससे सब कुछ छीन ले। अभी भी मौका है कि भाजपा का मौजुदा नेतृत्व श्रीमदभागवत गीता के बजाय श्रीमदमोहन भागवत की हिदायतों को ध्यान में रखकर अहंकार त्याग दे अन्यथा भाजपा का भविष्य कंटकीर्ण ही बना रहने वाला है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बार-बार हथेली नहीं लगा पायेगा भाजपा को गिरने से बचने के लिए। आखिर संघ को भी भाजपा ने तनखैया बना दिया है।

## मृत्यु प्रमाण पत्र को आपरेटर मांगता है रुपये



**अखंड भारत संदेश**
**पहाड़ी/चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लॉक के प्राइवेट कम्प्यूटर आपरेटर राजकरन पर लोहदा गांव के लवकुश प्रसाद मिश्र ने आरोप लगाया कि उसके पिता का निधन 14 जून को हो गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने को 18 जून से आवेदन लिए ब्लॉक के चक्कर लगा रहा है। बीडीओ दिनेश मिश्रा ने सचिव विनोद कुमार को प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिये हैं। कम्प्यूटर आपरेटर दो सौ रुपये के लिए प्रमाण पत्र जारी नहीं कर रहा।
गुरुवार को पीडित लवकुश मिश्र ने बताया कि सचिव विनोद कुमार ने प्रमाण पत्र बनवाने का भरोसा दिया है। कम्प्यूटर आपरेटर राजकरन कार्यालय में कहा कि प्राइवेट आपरेटर है, दो सौ रुपये बिना प्रमाण पत्र नहीं बनाऊंगा। सचिव बना दें। ब्लाक कम्प्यूटर आपरेटर आम जनता से खुलेआम रुपये मांगता है। पीडित ने उच्चाधिकारियों समेत बीडीओ से आपरेटर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## दुष्कर्म आरोपी बाइक समेत दबोचा




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर विनोद कुमार शुक्ला की अगुवाई में निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव की टीम ने दुष्कर्म आरोपी शिवम नामदेव पुत्र मिस्त्रीलाल मानिकपुर को मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया।
ज्ञात है कि 26 जून को मानिकपुर थाने में पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाई थी कि झरी फाटक के शिवम नामदेव ने दुष्कर्म किया है। पुलिस ने मामला दर्जकर घटना को संज्ञान में लेकर निरीक्षक अपराध को आरोपी की गिरफ्तारी को लगाया। निरीक्षक अपराध की टीम ने शिवम नामदेव को मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया। मोटरबाइक के कागजात न होने पर एमवी एक्ट में सीज किया। टीम में अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ सिंह यादव, दीवान संतोष कुमार व सिपाही लोकेन्द्र शामिल रहे।

## छेड़छाड़ का वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में दरोगा कृपानंद शर्मा ने मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी व छेडछाड तथा पाक्सो एक्ट के वांछित अरविंद कुमार पुत्र कल्लू प्रसाद ताड़ी को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा कृपानंद शर्मा व सिपाही सोनपाल शामिल रहे।

## ट्रक के नीचे आया बाइक सवार, हादसा टला

**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** झांसी-मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग 35 पर नगर पंचायत मऊ के मुख्य चैराहे में ट्रक के नीचे बाइक सवार के आने से बड़ा हादसा टल गया। बाइक सवार सड़क किनारे जा गिरा। ट्रक बाइक पर चढ़ गई। मौके पर तमाम लोग एकत्र हो गये। गनीमत रही कि बाइक सवार अजय निषाद (26) पुत्र नत्थू निषाद कोटरा खाम्भा को मामूली चोटे आई। उसके बचने से हादसा टल गया। इस हादसे से मऊ चैराहे पर जाम की स्थिति बन आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को सामान्य किया।

## नये डीएम पर भू-माफिया ने फेंका जाल , डीएम से भेंटकर की मीठी-मीठी बातें

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** बनिया गुड न दे तो गुड साहीं बोल्ये तो- वह गुड जैसा बोलता भी नहीं है। बेहुदा-बद्तमीज किस्म का वकील की आड में भू-माफिया बने, इस शख्स से अब तक पूर्व जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द किनारा किये रहे हैं। अब नये जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के आते ही इसने डोरे डालने शुरू कर दिये हैं, ताकि उसकी जमीनों की ओर नये जिलाधिकारी न देखें। वकालत की आड में उसकी भू-माफियागिरी जारी रहे।
ये मामला गुरुवार को कलेक्टेज्ट में नये जिलाधिकारी कक्ष में देखने को मिला। नये जिलाधिकारी से मिलने आने वालों में ये भू-माफिया भी शामिल रहा। इस भू-माफिया के बन रहे मैरिज हाल में हाल में विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने रोक लगाई है। इसके पहले पूर्व जिलाधिकारी ने इसकी अवैध इमारत को गिरवाने का काम किया था।
ये लम्बे समय से पूर्व जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के तबादले की फिराक में बैठा था। उनके जाते ही इसने नये जिलाधिकारी से भेंटकर अपना जाल फेंकना शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी को इस शख्स से सतर्क रहने की सख्त जरूरत है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन इससे सचेत न रहे तो ये जिलाधिकारी की छवि धूमिल करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगा। ये हद से ज्यादा बेहूदा-बद्तमीज होने के साथ इसके बेटे चरित्रहीन भी हैं। चरित्रहीनता का आरोप भी लग चुका है।

## कर्वी पुलिस-एसओजी टीम ने जलजीवन मिशन के चोरी पाइपों का किया खुलासा, तीन चोर दबोच सौ पाइप, डीसीएम व कार बरामद



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली कर्वी पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने जलजीवन मिशन के पाइप चोरी की घटना का खुलासा कर तीन को गिरफ्तार कर चोरी के सौ पाइप व डीसीएम तथा कार बरामद की है।
गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रूबरू हुए। बताया कि कोतवाली कर्वी के जगदीशगंज के संतोष कुमार द्विवेदी पुत्र रामलखन ने सूचना दी कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जलजीवन मिशन के राणन तालाब के पास रखे पाइप चोर ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर एसओजी टीम के साथ भरतकूप थाने बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे से डीसीएम यूपी/78डीटी- 9760 में लदे सौ पाइप कास्ट आयरन व इनोवा कार यूपी/78बीडब्ल्यू- 1990 से अजय सिंह उर्फ छोटू पुत्र स्व राकेश सिंह गुदरौली औंग जिला फतेहपुर, महेन्द्र यादव पुत्र सत्यवीर यादव अहिमा महराजपुर जिला कानपुर नगर व कमल कुशवाहा पुत्र रामविलाश कुशवाहा बड़ागाव महराजपुर जिला कानपुर नगर को दबोचा। इनके कब्जे से चोरी के सौ पाइप कास्ट आयरन कीमत 12 लाख रुपये, डीसीएम गाड़ी, इनोवा कार बरामद की। माल बरामदगी पर आरोपियों पर धारायें बढाई। टीम में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह, दरोगा राजीव सिंह, दरोगा राहुल सिंह, सिपाही राहुल देव, आदित्य कुमार व एसओजी टीम के प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, दीवान जितेन्द्र कुशवाहा, सिपाही रोशन सिंह, रोहित सिंह, आशीष यादव, गोलू भार्गव, राघवेन्द्र, ज्ञानेश मिश्रा शामिल रहे। पत्रकार वार्ता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल मौजूद रहे।
-------------------------

# एसपी से मांग- कानून व्यवस्था करें दुरुस्तः सपा जिलाध्यक्ष

# एसपी को सौंपा ज्ञापन



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह से प्रतिनिधि मंडल के साथ भेंटकर सौंपे ज्ञापन में कहा कि जिले में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। वाहन जांच के नाम पर अवैध वसूली रोकी जाये।
गुरुवार को सपा जिलाध्यक्ष ने प्रतिनिधि मंडल के साथ पुलिस अधीक्षक से भेंटकर सौंपे ज्ञापन में कहा कि थाना मऊ में रामलखन निषाद की पुत्री रंजना देवी ने आत्महत्या से पहले 25 फरवरी को छेडखानी की थाने में शिकायत की थी। पांच माह तक कोई कार्यवाही न होने से रंजना ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या बाद पुलिस का अमानवीय चेहरा सामने आया है। मृतका के पिता व मां की थाने में पिटाईकर मोबाइल फोन तोड दिया। दूसरी घटना कोतवाली कर्वी में 16 जून को रेलवे स्टेशन में घंटों युवकों से मारपीट दौरान किसी पुलिस कर्मी के न पहुंचने से शानू पुत्र इश्तियार मानिकपुर की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। खुलासा के नाम पर पुलिस लीपापोती कर रही है। तीसरी घटना कोतवाली कर्वी के पाही के मो दानिश उर्फ दन्ना के घर अप्रैल में चोरी हुई थी। दो माह बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। कर्वी कोतवाली के दरोगा राहुल पाण्डेय ने उल्टा पांच हजार रुपये ऐंठ लिये। इसका आडियो मौजूद है, कोई कार्यवाही नहीं हुई।
सपा नेताओं ने एसपी से कहा कि बीते सप्ताह बहिलपुरवा थाने के मडैयन गांव में सधुवा चमार की संदिग्ध मौत पर थानाध्यक्ष ने कोई कार्यवाही नहीं की। मृतक के परिजन बार-बार कह रहे हैं कि स्वाभाविक मौत नहीं है। पीएम रिपोर्ट में चोंट बताई है। सपा नेताओं ने कहा कि जिले के थानों में तैनात थानाध्यक्ष जनता से सीधे मुंह बात नहीं करते। सभी थानों में दलाल अवैध वसूली का गोरखधंधा चला रहे हैं। सवेरे छह बजे से देर रात तक धनुष चैराहे में चालान के नाम पर अवैध वसूली हो रही है। उन्होंने एसपी से मांग किया कि जिले की कानून व्यवस्था दुरुस्त कर घटना होने से पहले रोकने के प्रयास किये जायें। थानों में साफ-सुथरी छवि के लोगों की तैनाती की जाये। ई-रिक्शा, आटो रिक्शा का चालान बन्द किया जाये। प्रतिनिधि मंडल में जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र यादव, मो गुलाब खां, सीताराम कश्यप, उमाकान्त यादव आदि शामिल रहे।

# तत्काल प्रभाव से हटायें अवैध टैक्सी स्टैण्डः डीएम

## डीएम ने की कानून व्यवस्था आदि की बैठक



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था व रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष, उप्र पुलिस परीक्षा, नशीले पदार्थ की खेती व मादक पदार्थों के अवैध कारोबार रोक को हुई बैठक में अभियोजन, कानून व्यवस्था में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, गिरोह बंद अधिनियम, महिलाओं व नाबालिगों के विरुद्ध अपराध, पास्को एक्ट, अपहरण, आईपीसी, सत्र न्यायालय, अन्य अधिनियम, सम्मन तामीला गवाहों की हाजिरी आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई।
गुरुवार को जिलाधिकारी ने कहा कि पुराने मामले में सजा मिल गई है तो सूची से हटायें। फर्जी मामले लिखवाने वालों पर कडी कार्यवाही करें। किसी के खिलाफ फर्जी मामला न लिखा जाये। थाना प्रभारी को निर्देश दें कि गैंगस्टर एक्ट में दहशत होनी चाहिए कि अपराधी खुद सरेंडर करें। महिलाओं व नाबालिगों के अपराध बाबत कहा कि कमी आये।
उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना के तहत जघन्य हिंसा की शिकार महिलाओं/बालिकाओं को नौ धाराओं, धारा 326क, धारा 304क, धारा 376क, धारा 376ग, 376 घ, धारा 4 पास्को, धारा 6 पास्को, धारा 14 पास्को, धारा 302 समेत पठित पास्को की धारा 4 या धारा 6 की पीड़िता को आर्थिक मदद देने का प्रावधान है। जिले में तीस लाभार्थियों के खाते में धनराशि भेजी गई है। कमेटी में छतिपूर्ति अवशेष है, कमेटी से तालमेल कर जल्द निस्तारण करायें। जो समस्या हो सीएमओ से वार्ताकर निस्तारण करायें।
उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा केंद्र निर्धारण बाबत जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि दूरियां ज्यादा होने से शहर में चार केंद्र बनाये हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्ही विद्यालयों को चिन्हित करें, जिनकी रेपुटेशन अच्छी हो। सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज, जगत रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय को मानक उपयुक्त मिलने पर प्रस्ताव भेजें। पुलिस भर्ती परीक्षा सुचिता से होनी चाहिए। सड़क सुरक्षा बाबत बैठक में कहा कि अवैध टैक्सी स्टैंड पर वसूली नहीं होनी चाहिए, चिन्हित स्थल पर स्टैंड बनायें। एआरएम रोडवेज, सीओ, एसडीएम, यातायात प्रभारी तालमेल बनाकर अभियान चलायें। एक हफ्ते में बस स्टैंड व टैम्पो स्टैंड हटायें। जगह-जगह बस व टैम्पो के किराया सूची का रेट भी लिखवाये। जिले में सड़क सुरक्षा के तहत चिन्हित स्पाट पर ब्रेकर साइन बोर्ड लगवायें।
बैठक में जिलाधिकारी ने नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स व अवैध शराब बिक्री, निर्माण संचय न होने को पुलिस विभाग, आबकारी विभाग तथा ड्रग्स विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिले में कहीं भी अवैध नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स आदि की धरपकड़ को तालमेल बनायें। जिले के स्कूल, कॉलेज शैक्षिक संस्थानों में युवा पीढ़ी को नशे की लत न लगने पाये। बैठक में एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, उप जिला अधिकारी सतीश चंद्र, मोहम्मद जसीम अहमद, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी दिनेश त्रिपाठी, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## दबंगों ने पैर न छूने पर दलितों पर किया जानलेवा हमला, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** रैपुरा थाने के कौबरा गांव के विष्णुकान्त, अभिषेक, विमल कुमार, गीता देवी पुत्री श्यामनारायण ने रैपुरा थानाध्यक्ष को दी तहरीर में कहा कि दबंगों ने जान से मारने की गरज से मां-बहन की गाली देते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया है। पुलिस ने मामला दर्जकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।
ये घटना बुधवार को देर शाम रैपुरा थाने के कौबरा गांव में हुई। विष्णुकान्त पुत्र श्यामनारायण शाम 7.20 पर डेरा से लौट रहा था। रास्ते में उमाकान्त पुत्र कौशल प्रसाद व अमित मिश्रा पुत्र अभिमन्यु ने उसे देखकर गाली-गलौज शुरू कर दी। कहा कि सलाम-दुआ पैर छूकर किया जाता है। उसके मना करने पर उमाकान्त, अमित मिश्रा, अजीत आदि उसे पकडकर साफी से गला दबाने लगे। उसके शोर मचाने पर दो भाई विमल व अभिषेक तथा बहन गीता देवी दौडकर बचाने आई तो दबंग उमाकान्त पुत्र कौशल दोनाली बन्दूक लेकर उसके घर में घुस आया।

# 13 जुलाई की लोक अदालत को बनायें सफल



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व/चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूली वाद, अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वादों, श्रम वाद, प्री-लिटिगेशन से ऐसे वाद जो न्यायालय में नहीं आये। सभी का निस्तारण किया जायेगा।
गुरुवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार को इंडियन बैंक के सहयोग से जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास कुमार प्रथम ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का उद्देश्य जनता को राष्ट्रीय लोक अदालत के लाभों के प्रति जागरूक करना है। प्रचार वाहन रैली जिले के नगर क्षेत्र स्थित भीड़भाड़ के स्थान पर जनता को लोक अदालत की उपयोगिता बाबत जागरूक करेगी। पैरालीगल वालेण्टियर्स रामसागर लोक अदालत बाबत प्रचार सामग्री बांटेंगे। इस मौके पर विकास कुमार प्रथम ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण/ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य न्याय की पहुंच जन-जन तक सुलभ करना है। प्रचार-प्रसार को रैली की गई है, ताकि विधिक जागरूकता फैलाकर 13 जुलाई को होने वाली लोक अदालत में लोग लाभ ले सकें।
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती नीलू मेनवाल ने रैली को सफल बनाने को इंडियन बैंक के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी से एकजुट होकर 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी बनाने की अपील की। इस मौके पर पीठासीन अधिकारी श्रीकृष्ण यादव, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय राकेश कुमार यादव, अपर जिला जज श्रीमती रेनू मिश्रा, नीरज श्रीवास्तव, अतिरिक्त सिविल जज (सीडि) श्रीमती इला चैधरी, सिविल जज (जूडि) श्रीमती सैफाली यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री अंजलिका प्रियदर्शिनी, अग्रणी प्रबन्धक इंडियन बैंक तुलसीराम, अध्यक्ष संजय करवरिया, सचिव मनोज कंचनी आदि मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में पढाया कानून का पाठ

## तीन नये कानूनों बाबत कलेक्ट्रेट में लगी कार्यशाला



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** नवागंतुक जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों को नई आपराधिक विधियों बाबत प्रशिक्षण शिविर/कार्यशाला में प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता में तीन विधियां लागू हुई हैं। एक जुलाई से प्रभावी होंगी।
गुरुवार को कलेक्टेज्ट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023, दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व इंडियन साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हुए हैं। अपराधों बाबत उपबंधों में निहित नियमों, आपराधिक षडयंत्र, महिला व बालक बाबत धारा का प्राविधान, दंड का प्राविधान, दुष्कर्म का प्राविधान, विवाह बाबत अपराध, दहेज उत्पीड़न, पुनर्विवाह, क्रुरता, गर्भपात, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से आपराधिक कृत्य करवाना, वैश्यावृत्ति, आत्महत्या, बलात्कार, संगठित अपराध, शासकीय कार्य में बाधा, राजस्व मामलों की विभिन्न धाराओं बाबत भूमि विवाद, जल संबंधी विवाद, दस्तावेज, शासकीय सूचनाओं, सम्मन तामीला, लोक शांति भंग करना, प्रतिपूर्ति जमा कराना, चोरी, सामुदायिक सेवा आदि विषयों में विभिन्न धाराओं के तहत की जाने वाली कार्यवाही बाबत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारतीय न्याय संहिता के तहत तीन नये कानून एक जुलाई से विभिन्न धाराओं पर कार्य करने को लागू हुए हैं। अच्छी तरह से अध्ययन कर प्रावधानों अनुसार विभिन्न गतिविधियों पर कार्यवाही करायें। बैठक में एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, एसडीएम सदर सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, एसडीएम सतीश चन्द्र, मोहम्मद जसीम, जिला शासकीय अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# विदेश संदेश

## नेपाल में भूस्खलन और बाढ़ से एक ही दिन में 10 लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आकर 10 लोगों की मौत हो गई है। देश के अधिकांश हिस्सों में हो रही लगातार बारिश के कारण कई जगहों पर भूस्खलन से राजमार्ग भी अवरूद्ध होने की जानकारी मिली है। मॉनसून के प्रवेश के साथ ही नेपाल के अधिकांश हिस्सों में बीते दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ के कारण सैकड़ों लोग प्रभावित हुए हैं। गृह मंत्रालय के मुताबिक स्यांग्जा जिले में भूस्खलन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि लमजुंग और कास्की जिले में पांच लोगों की मौत हो गई है। इसी तरह कैलाली जिले में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है। गृह मंत्रालय के मुताबिक भारी बारिश के कारण देश के कई राजमार्ग भी अवरूद्ध हो गया है। बाढ़ के कारण मोरंग और कपिलवस्तु जिले में दो लोगों की मौत हो गई है।

## चीन निर्मित अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल निर्माण की जांच के लिए संसदीय समिति गठित

**काठमांडू।** चीन के द्वारा बनाए गए नेपाल के दोनों अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल के निर्माण कार्य की जांच के लिए दो अलग-अलग संसदीय समिति का गठन किया गया है। यह दोनों ही विमानस्थल उद्घाटन के दो वर्ष बाद भी अब तक संचालन में नहीं आ पाया है।
संसद की सार्वजनिक लेखा समिति ने चीन के ऋण से बनाए गए पोखरा अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल और एशियाई विकास बैंक के ऋण पर चीनी कंपनी के द्वारा बनाए भैरहवा स्थित गौतम बुद्ध अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल के निर्माण कार्य की जांच के लिए दो अलग अलग समिति बनाई है। इस समिति को इन दोनों ही विमानस्थल के निर्माण कार्य की आवश्यकता से लेकर इनकी गुणवत्ता और चीनी ठेकेदारों को दिए गए भुगतान प्रक्रिया की पूरी जांच करने का अधिकार दिया गया है।
सार्वजनिक लेखा समिति के अध्यक्ष ऋषिराम पोखरेल के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पोखरा विमानस्थल की जांच के लिए राजेन्द्र लिंग्देन की अध्यक्षता में 12 सदस्यीय कमिटी बनाई गई है, जिसमें अर्जुन नरसिंह केसी, गोकुल प्रसाद बाँस्कोटा, जनार्दन शर्मा, तारा लामा तामाङ, तेजुलाल चौधरी, दीपक गिरी, देव प्रसाद तिमल्सिना, प्रेम बहादुर आले, राम कृष्ण यादव, रुक्मिणी राना बराइली और लेखनाथ दाहाल को रखा गया है।
इसी तरह भैरहवा स्थित गौतम बुद्ध अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल की जांच के लिए योगेश भट्टराई की अध्यक्षता में बनाई गई आठ सदस्यों वाली समिति में अच्युत प्रसाद मैनाली, अमरेश कुमार सिंह, बिक्रम पाण्डे, मञ्जु खाँड, मनीष झा, श्याम कुमार घिमिरे और सराज अहमद फारुकी को शामिल किया गया है। लेखा समिति के अध्यक्ष ने कहा कि जांच का काम कल से ही शुरू किया जाएगा।

## नेपाली नागरिकों के लिए भारत में 01 लाख रुपये तक क्यूआर कोड भुगतान की सुविधा

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच हुए क्रॉस बॉर्डर डिजीटल पेमेंट समझौते के तहत नेपाली नागरिकों को भारत में एक लाख रुपये तक मासिक रूप से खर्च करने की सीमा तय की गई है। नेपाल राष्ट्र बैंक ने सभी बैंकों को आज एक निर्देश जारी करते हुए भारत में क्यूआर कोड के जरिए होने वाले डिजीटल भुगतान में ग्राहकों को एक लाख रुपये भारतीय मुद्रा तक खर्च करने देने की बात कही है। अब भारत में किसी भी खरीदारी या किसी सेवा के लिए क्यूआर कोड के जरिए भुगतान कर सकते हैं। नेपाली नागरिक अपने देश के ई-वॉलेट कंपनी फोन रे या ई सेवा सहित किसी भी बैंक के क्यूआर सुविधा का इस्तेमाल कर पेमेंट कर सकते हैं। भारतीय नागरिकों के लिए नेपाल में पहले ही यह सुविधा शुरू की जा चुकी है। नेपाल घुमने आने वाले भारतीय नागरिक इस समय अपने इल्कट, वढक, पेटीएम, गुगल पे आदि प्रयोग कर आसानी से भुगतान कर रहे हैं। इस सेवा के शुरू होने से दोनों देशों के नागरिकों को काफी आसान हो गया है। भारत में नेपाली रुपये का चलन नहीं होने और नेपाल में 100 से ऊपर का नोट मान्य नहीं होने से पर्यटकों या कारोबारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब क्यूआर कोड की सुविधा दोनों देशों में शुरू होने से लोगों को काफी राहत मिल रहा है।

## भारत-अमेरिका की ये कैसी दोस्ती, धार्मिक स्वतंत्रता पर जारी रिपोर्ट में इंडिया को कटघरे में किया खड़ा



**नई दिल्ली :** अमेरिका ने धार्मिक स्वतंत्रता पर जारी सालाना रिपोर्ट में भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर नकारात्मक टिप्पणी की है. अमेरिका इस तरह की रिपोर्ट हर साल जारी करता है. इस बार की रिपोर्ट में दुनिया के 200 देशों में धार्मिक स्थिति के मूल्यांकन करने का दावा किया गया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर प्रहार हुआ है. उनके पूजा स्थलों और घरों को ध्वस्त करने के मामले बढ़े हैं. उनके खिलाफ धर्मांतरण विरोधी कानून लाया गया है।
मोदी सरकार पर नकारात्मक टिप्पणी करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान सरकार भेदभावपूर्ण राष्ट्रवादी नीतियां लागू कर रहीं हैं. इससे समाज में घृणा का स्तर बढ़ रहा है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# बलूचिस्तान में पाकिस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड की पोस्ट पर आतंकी हमला, दो सुरक्षाकर्मी मारे गए



**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान के काकत जिले के इस्कालकु इलाके में पाकिस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड के तेल और गैस अन्वेषण स्थल की सुरक्षा करने वाली एक चौकी पर हुए आतंकी हमले में दो सुरक्षाकर्मी मारे गए। अधिकारियों ने कहा कि लगभग 50 हथियारबंद लोगों ने मंगलवार तड़के पाकिस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड क्षेत्र और फ्रंटियर कोर (एफसी) पोस्ट पर हमला किया। प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के एक प्रवक्ता ने इस हमले की जिम्मेदारी ली।
डान समाचार पत्र ने अपनी रिपोर्ट में दूरदराज और दुर्गम क्षेत्र में हुई इस घटना की विस्तार से चर्चा की है। बलूचिस्तान के गृहमंत्री जियाउल्लाह लैंगोव ने क्वेटा में कहा है कि भारी गोलीबारी में दो एफसी सैनिकों की जान चली गई। उन्होंने कहा कि हमलावर चौकी पर तैनात सभी लोगों को बंधक बनाना चाहते थे। हमले शुरू होते ही बड़ी संख्या में सैनिकों को घटनास्थल पर भेजा गया। सैनिकों ने आतंकवादियों के प्रयास को विफल कर दिया।
उन्होंने कहा कि दो चौकियों पर एफसी के लगभग 20 जवान पीपीएल अन्वेषण परियोजना स्थल की रखवाली कर रहे थे। कई घंटों तक चली गोलीबारी के बाद 18 एफसी कर्मियों को चेक पोस्ट से सुरक्षित बचा लिया गया। जबकि दो शहीद हो गए। मंत्री लैंगोव ने कहा कि आतंकवादियों ने पहले काकत जिले के खलीकाबाद इलाके में एक एफसी शिविर पर हमला किया और रॉकेट दागे। यहां कोई जनहानि नहीं हुई।
खलीकाबाद हमले के ठीक दो घंटे बाद लगभग 50 आतंकवादियों ने पीपीएल गैस अन्वेषण परियोजना स्थल की सुरक्षा करने वाली एफसी पोस्ट पर हमला किया। हालांकि, पीपीएल कर्मचारी वहां नहीं थे। उल्लेखनीय है कि उत्तर पश्चिमी बलूचिस्तान का काफी बड़ा भू-भाग पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के पास है। बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा बोलन दर्रे के मार्ग पर स्थित है।

# नेपाल की पूर्व राष्ट्रपति विद्या भंडारी ने पुनः राजनीति में सक्रिय होने के दिए संकेत



**काठमांडू।** नेपाल की पूर्व राष्ट्रपति विद्या भंडारी ने पुनः राजनीति में सक्रिय होने का संकेत दिया है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली की पार्टी की उपाध्यक्ष रह चुकी भंडारी ने पार्टी के अगले महाधिवेशन में ओली को चुनौती देने का मन बनाया है।
आमतौर पर राष्ट्रपति पद से हटने के बाद अधिकांश नेता सक्रिय राजनीति से संस्यास ले लेते हैं, लेकिन नेपाल की दो बार राष्ट्रपति रह चुकी विद्या भंडारी अपनी राजनीति की दूसरी पारी खेलने को तैयार हैं। वह उसी व्यक्ति को पार्टी अध्यक्ष पद पर चुनौती देने की बात कर रही हैं, जिनकी बदौलत वो पार्टी की उपाध्यक्ष, सरकार में रक्षा मंत्री और देश की राष्ट्रपति बनी हैं। पुनः सक्रिय राजनीति में आने से नैतिकता को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में विद्या भंडारी ने कहा कि नेपाल के संविधान में कहीं भी ऐसा नहीं लिखा है कि राष्ट्रपति पद से हटने के बाद वह फिर से सक्रिय राजनीति नहीं कर सकता है या कोई पद धारण नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि राजनीति में सक्रिय होकर वह दोबारा देश और जनता की सेवा में समर्पित होना चाहती हैं।
पूर्व राष्ट्रपति विद्या भंडारी ने बताया कि उन्होंने सक्रिय राजनीति में आने के लिए अपनी पुरानी पार्टी नेकपा एमाले के दफ्तर में सदस्यता नवीकरण के लिए आवेदन भी किया है। सदस्यता नवीकरण होने के बाद वह राजनीति में सक्रिय हो जाएंगी। भंडारी ने बताया कि इस समय देशभर से पार्टी के कई कार्यक्रमों में आने के लिए उनके पास निमंत्रण मिल रहे हैं। इनमें से कुछ राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल भी हुई हैं। उनका मानना है कि पार्टी कार्यकताओं की इच्छा है कि वो आने वाले पार्टी के महाधिवेशन से नेतृत्व के पद पर चुनाव लड़ें। विद्या भंडारी ने कहा कि वो अपनी पार्टी के नेता कार्यकताओं और शुभचिंतकों की भावना का सम्मान करेंगी।

# मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू पर काला जादू! मंत्री समेत तीन गिरफ्तार, घर से संदिग्ध सामान जब्त



**माले:** मालदीव की पुलिस ने देश के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर काला जादू करने के आरोप में उनकी सरकार में राज्य मंत्री को गिरफ्तार किया है. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जादू-टोना करने के मामले में राष्ट्रपति मुइज्जू की सरकार में पर्यावरण राज्य मंत्री फातिमा शमनाज अली सलीम समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है.
मालदीव की पुलिस ने एक बयान में कहा कि गिरफ्तारी के बाद तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें सात दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया. स्थानीय मीडिया के मुताबिक आरोपियों में शमनाज का भाई भी शामिल है. मालदीव पुलिस के प्रवक्ता ने मंत्री शमनाज के साथ दो अन्य लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है. हालांकि इस मामले में अभी तक मालदीव सरकार का कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है.
रिपोर्ट के मुताबिक, गिरफ्तारी से पहले पुलिस ने शमनाज के घर की तलाशी ली थी, इस दौरान पुलिस को घर से जादू-टोना करने का कुछ सामान बरामद हुआ था. बताया जा रहा है कि शमनाज राष्ट्रपति मुइज्जू के करीब आने के लिए उन पर जादू-टोना किया. रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव में काला जादू का व्यापक चलन है.

**शमनाज के पूर्व पति भी निलंबित**

रिपोर्ट के मुताबिक, फातिमा शमनाज के पूर्व पति आदम रमीज भी राष्ट्रपति मुइज्जू के कार्यालय में काम करते थे. लेकिन इस मामले के बाद रमीज को भी निलंबित कर दिया गया है. रमीज राष्ट्रपति मुइज्जू के करीबी माने जाते थे। राज्य मंत्री फातिमा शमनाज राष्ट्रपति भवन में भी राज्य मंत्री के रूप में काम कर चुकी हैं. पिछले साल सितंबर में राष्ट्रपति बनने से पहले जब मुइज्जू माले नगर निगम के मेयर थे, तब शमनाज उनकी पार्टी की पार्षद थीं. शमनाज के तीन बच्चे हैं।

# भारत में अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव का आरोप, अमेरिकी रिपोर्ट में जताई गई चिंता

**वाशिंगटन:** अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (वरउकफत्रः) ने भारत में 'घृणास्पद भाषण', विध्वंस और धर्मांतरण विरोधी कानूनों में कथित वृद्धि का हवाला देते हुए धार्मिक स्वतंत्रता पर फिर से 'चिंता' जताई है. यूएससीआईआरएफ (वर-उकफत्रः) एक ऐसा संगठन जिसकी भारत ने अतीत में कड़ी आलोचना की है. यह रिपोर्ट हर साल तैयार की जाती है और इसमें विश्व भर में धार्मिक स्वतंत्रता का सर्वेक्षण शामिल होता है. इसका उद्देश्य लगभग 200 देशों और क्षेत्रों में 'धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति का तथ्य-आधारित, व्यापक दृष्टिकोण' उपलब्ध कराना है।
यह निष्कर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरूआत के कुछ सप्ताह बाद सामने आया है. साथ ही अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन की भारत यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका ने उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की थी. अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सोमवार को वाशिंगटन में एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा, 'भारत में हम धर्मांतरण विरोधी कानूनों, अभद्र भाषा, अल्पसंख्यक धार्मिक समुदायों के सदस्यों के घरों और पूजा स्थलों को ध्वस्त करने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि देख रहे हैं.'
अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता के लिए अमेरिका के राजदूत रशद हुसैन ने भी भारत की स्थिति पर चिंता व्यक्त की. उन्होंने कहा, 'भारत में ईसाई समुदायों ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने धर्मांतरण गतिविधियों के आरोप में पूजा सेवाओं को बाधित करने वाली भीड़ की सहायता की, या जब भीड़ ने उन पर हमला किया तो वे मूकदर्शक बनी रहीं और फिर पीड़ितों को धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।
इससे पहले मई में भारत ने अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग की एक ऐसी ही रिपोर्ट को खारिज कर दिया था. इसमें सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर 'भेदभावपूर्ण राष्ट्रवादी नीतियों को मजबूत करने' का आरोप लगाया गया था और संगठन को 'राजनीतिक एजेंडे' वाला 'पक्षपाती' बताया था. अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (वरउकफत्रः) को एक राजनीतिक एजेंडे वाले पक्षपाती संगठन के रूप में जाना जाता है।
विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस वार्ता में कहा, 'वे वार्षिक रिपोर्ट के रूप में भारत पर अपना दुष्प्रचार प्रकाशित करना जारी रखते हैं.।

## नेपाल के गृहमंत्री रवि लामिछाने को संसदीय जांच समिति ने बयान के लिए तलब किया



**काठमांडू।** नेपाल के उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री रवि लामिछाने को संसदीय जांच समिति ने पत्र लिखकर बयान के लिए तलब किया है। लामिछाने की कंपनी पर सरकारी बैंकों के जरिए आर्थिक अनियमितता करने का आरोप है। संसदीय समिति इसी गोलमाल की जांच कर रही है। समिति ने लामिछाने को एक हफ्ते के भीतर पेश होकर बयान दर्ज कराने को कहा है। संसदीय समिति के संयोजक सूर्य थापा ने कहा कि रवि लामिछाने को सभी दस्तावेजों सहित उपस्थित होने के लिए कहा गया है। समिति ने रवि लामिछाने की गोरखा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड में गलत तरीके से निवेश करने वाली नौ सहकारी कंपनियों को दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा है। इतना ही नहीं रवि लामिछाने के नाम पर व्यक्तिगत ऋण देने वाले चार सहकारी बैंकों से भी दस्तावेज मांगे गए हैं। गृहमंत्री रवि लामिछाने पर आरोप है कि उन्होंने अपने व्यवसायिक पार्टनर जीबी राई के साथ मिलकर गोरखा मीडिया नामक एक निजी कंपनी खोली। उसका मैनेजिंग डायरेक्टर रवि लामिछाने को बनाया गया। जीबी राई से संबद्ध चार सहकारी बैंकों ने रवि लामिछाने को गलत तरीके से करीब 2 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत लोन दिया । इसके अलावा नौ अन्य सहकारी कंपनियों से 100 करोड़ से अधिक का ऋण रवि लामिछाने की कंपनी में निवेश किया गया। इस मसले पर लगातार दो महीने तक संसद की कार्यवाही अवरुद्ध रही। विपक्ष के आक्रामक रुख के बाद सरकार को सर्वदलीय संसदीय जांच समिति का गठन करना पड़ा। समिति को तीन महीने के भीतर जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपनी है। यह घोटाला गृहमंत्री रवि के गले की फांस बन गया है। सुप्रीम कोर्ट में भी इसकी गूंज हुई है। जांच प्रभावित न हो, इसलिए उन्हें पदमुक्त करने की मांग की गई है।

## कम नहीं हो रही इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की मुश्किलें. इद्दत मामले में सजा बरकरार



**इस्लामाबाद :** इस्लामाबाद की एक जिला एवं सत्र अदालत से पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तगड़ा झटका लगा है, कोर्ट ने गुरुवार को इद्दत मामले में इमरान खान और उनकी पत्नी की सात साल की सजा को निलंबित करने की याचिका को खारिज कर दिया. आज अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीएसजे) अफजल मजोका ने मंगलवार को सुरक्षित रखे गए फैसले पर अपना निर्णय सुनाया।
डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, वकीलों, महिला कार्यकताओं और नागरिक समाज के सदस्यों ने इद्दत मामले में सजा की कड़ी निंदा करते हुए इसे महिलाओं के सम्मान और निजता के अधिकार पर आघात बताया. इस फैसले का इस्लामाबाद में कार्यकताओं द्वारा विरोध किया गया और कराची में प्रदर्शनकारियों द्वारा आलोचना की गई, जो लोगों के निजी जीवन में राज्य के हस्तक्षेप के खिलाफ थे.
आम चुनावों से पहले, 3 फरवरी को, इस्लामाबाद की एक अदालत ने बुशरा बीबी की इद्दत अवधि के दौरान शादी करने के लिए जोड़े को सात साल की जेल की सजा सुनाई. इसके साथ ही उन पर 500,000 पाकिस्तानी रुपये का जुमार्ना लगाया था. जोड़े को तोशाखाना मामले में 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई, जबकि इमरान और उनके विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को साइफर मामले में 10 साल की जेल की सजा सुनाई गई।
बता दें, इमरान और कुरैशी को इस महीने की शुरूआत में साइफर मामले में दोषी नहीं पाया गया था, और तोशाखाना मामले में दंड अप्रैल में निलंबित कर दिया गया था. इस मामले की सुनवाई पहले जिला और सत्र न्यायाधीश शाहरुख अजुर्मंद द्वारा की जा रही थी, जिन्होंने मई में फैसला सुरक्षित रखा था. प्रत्याशित घोषणा के दिन, उन्होंने मेनका की अपील पैनल से हटाए जाने की याचिका का हवाला देते हुए मामले को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया।
इसके बाद मामला एडीएसजे मजोका में स्थानांतरित कर दिया गया. बहरहाल, बुशरा बीबी के वकील ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में उनकी जमानत पर रिहाई और सजा निलंबन के लिए याचिका दायर की थी. संबंधित घटनाक्रम में, सत्र न्यायालय को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और उनकी पत्नी की याचिकाओं पर दस दिनों के भीतर फैसला सुनाने का निर्देश दिया गया था।

## जियो ने मोबाइल सेवाओं का टैरिफ बढ़ाया, तीन जुलाई से लागू होंगी नई दरें

**नई दिल्ली।** देश और निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी दूरसंचार प्रदाता कंपनी रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड ने मोबाइल सेवाओं की टैरिफ दरों में इजाफा करने का ऐलान किया है। कंपनी अपने मोबाइल सेवाओं की दरों में 12 से 27 फीसदी की वृद्धि करेगी, नई दरें 3 जुलाई से लागू होंगी। इन्हें सभी मौजूदा टचपॉइंट और चैनल से चुना जा सकता है। जियो ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि कंपनी ने लगभग सभी योजनाओं में मोबाइल सेवाओं की दरें बढ़ा दी हैं। कंपनी के मुताबिक सबसे कम रिचार्ज की कीमत बढ़ाकर 19 रुपये की गई है। यह एक जीबी डाटा ह्यऐड-ऑन-पैकह्न पैक है, जिसकी कीमत 15 रुपये से लगभग 27 फीसदी अधिक है। जियो लगभग ढाई साल के अंतराल के बाद मोबाइल सेवा दरों में पहली बार बढ़ोतरी करने की घोषणा की है।